RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School
imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty
well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning
● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

पेज 7 क्या टी-सीरीज की फिल्म में ...

वर्ष : 26 अंक : 232 website:www.chetnamanch.com नोएडा, मंगलवार, 13 अगस्त, 2024 Chetna Manch Chetna Manch मूल्य 2.00 रुपया पेज: 8

नौकरियों में अब नहीं चलती सिफारिश : मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 15 अगस्त से पूर्व किए गए आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आज लखनऊ में 'राष्ट्र प्रथम' के भाव के साथ आयोजित बाइक तिरंगा यात्रा का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश सरकार ने 4.5 करोड़ घरों तक 'हर घर तिरंगा' अभियान को पहुंचाने का संकल्प लिया है।

यूपीएससी चयनित अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति-पत्र

लखनऊ (ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आज राज्य में निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियों में नियुक्तियां की जा रही हैं। आज नौकरी के लिए सिफारिश नहीं काबलियत चलती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने पूरी निष्पक्षता से चयन किया है। अब बिना किसी सिफारिश के नियुक्ति पत्र मिल रहा है। यह वही प्रदेश है जहां पहले दंगे होते थे। यहां पहले न बेटी सुरक्षित थी और न व्यापारी। पहले युवाओं के सामने पहचान का संकट था। यह संकट वही लोग पैदा करते थे जो आज फिर आपको बहकाने के लिए आए थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोलते हुए उक्त बात कही। मुख्यमंत्री ने 1036 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। उन्होंने सपा-कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यही खटाखट है। अब वो गायब हो गए हैं जबकि सीजन आएगा तो फिर लौटेंगे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज मैं दावे से कह रहा हूं कि उत्तर प्रदेश आज सबसे अच्छे ग्रोथ वाला राज्य है। अब युवाओं के सामने पहचान का संकट नहीं है। आप कहीं जाते हैं तो शक की निगाह से नहीं सम्मान की निगाह से देखा जाता है। इसके लिए जनता को भी बधाई। 2017 से पहले कहीं जाने पर कमरा नहीं मिलता था। अब यूपी का नाम बोलने पर सम्मान मिलता है।

सीएम ने कहा कि ऐसे में नव चयनितों की भी जिम्मेदारी बढ़ गई है। 1036 युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल रहे हैं। इसमें आरक्षण नियमों का पालन हुआ। पहले चाचा भतीजे में लूटने की होड़ लग जाती थी तभी हर नियुक्ति में न्यायालय का हस्तक्षेप होता था। अब बेरोजगारी न्यूनतम स्तर पर है। जब विभिन्न राज्यों के सीएम मिलते हैं तो कहते हैं कि अब यूपी के लोग लौट रहे हैं इसलिए कंपनियों में संकट हो रहा है। हमने सुरक्षा का संकल्प लिया था, जो कर रहे हैं लेकिन कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं। लोगों के मन में अन्याय होने का भय पैदा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों के कार्यकाल की तुलना में नौकरियों में 38 फीसदी अधिक ओबीसी का चयन हुआ है। आरक्षण का पूरी (शेष पृष्ठ-3 पर)

यूपी पुलिस में तैनात दंपत्ति की दर्दनाक मौत

डंपर ने मारी टक्कर, आग में जला कांस्टेबल का शव

मुजफ्फरनगर (एजेंसी)। नेशनल हाईवे-58 पर आज सुबह बड़ा हादसा हुआ है। रोड़ी से भरे ओवरलोड डंपर की टक्कर से पुलिस विभाग में तैनात पति-पत्नी की मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और घसीटता हुआ दंपति को ले गया। पेड़ से टकराने की वजह से 11000 वोल्ट की लाइन टूटने से डंपर के केबिन में आग लग गई। आग लगने से डंपर में फंसा कांस्टेबल का शव भी जल गया। हादसे के बाद चालक वहां से भाग गया।

नई मंडी कोतवाली प्रभारी बबलू सिंह ने बताया, सहारनपुर जिले के सरसावा कस्बा निवासी सुधीर कुमार पुत्र रामपाल और उनकी पत्नी सोनिया पुलिस विभाग में कांस्टेबल थे और वर्तमान में दोनों मुरादाबाद जिले के कटघर थाने में तैनात थे।

मंगलवार को दोनों छुट्टी से

होंडा सिटी कार में लगी आग

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर क्षेत्र के घंटा चौक सूरजपुर से दादरी रोड पर पेट्रोल पंप के पास उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक होंडा सिटी सीएनजी कार में भीषण आग लग गई। ड्राइवर ने समय रहते कार से निकलकर अपनी जान बचाई। सूचना के बाद पीसीआर और दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पाया तब तक होंडा सिटी कार जलकर खाक हो चुकी थी। ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर क्षेत्र के घंटा चौक सूरजपुर से दादरी रोड पर पेट्रोल पंप के पास होंडा सिटी (शेष पृष्ठ-3 पर)

रोडरेज में दो भाईयों को चाकू मारा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना कासना क्षेत्र में वाहन को साइड न देने के विवाद में बोलेरो पिकअप के चालक व उसके साथियों ने कार सवार दो भाईयों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने दोनों भाईयों को चाकू मार दिया। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। ग्राम अट्टा गुजरान निवासी राहुल भारद्वाज ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताएं कि वह अपने छोटे भाई सतीश के साथ कार से कासना में अपने प्लॉट पर आ रहे थे। शर्मा होटल के पास सामने से आ रही बोलोरो पिकअप के चालक ने साइड न मिलने पर उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो बोलेरो कार में सवार दो युवक मारपीट पर उतारू हो गए। इस दौरान बोलेरो कार के चालक ने फोन कर अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। युवकों ने आते ही उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने चाकू से वार कर उन्हें घायल कर दिया। मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा होता देखकर आरोपी जान (शेष पृष्ठ-3 पर)

विवाहिता को लड्डू में मिलाकर खिला दी गर्भपात की दवा

दहेज उत्पीड़न का महिला ने लगाया आरोप

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना ईकोटेक-1 में एक महिला ने अपने पति व ससुराल वालों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति व ससुराल वालों ने लड्डू में गर्भपात वाली दवाई खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया।

पूजा (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी 26 फरवरी 2023 को ग्राम इमलियाका निवासी सौरव के साथ हुई थी। शादी के समय परिजनों ने अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था। इसके बावजूद भी सौरभ व उसके परिजन संतुष्ट नहीं थे। कम दहेज लाने को लेकर अक्सर उसे ससुराल वाले ताना मारते थे। कुछ समय बाद उसके साथ दहेज की मांग को लेकर मारपीट की जाने लगी उसने इस बात की जानकारी अपने माता-पिता को दी। जिसके बाद दो नवंबर को उसके पिता ने सौरव के खाते में 7 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से भेज दिए। पैसे मिलने के बाद व्यवहार सुधारने के बजाय सौरव व उसके परिजनों की दहेज की मांग और बढ़ गई और वह उस पर मायके से 11 लाख रुपए लाने का दवाब बनाने लगे। इस दौरान वह गर्भवती हो गई। दहेज न मिलने पर उसके पति, सास मुनेश देवी व मौसी सास ने मिठाई के लड्डू में गर्भपात करने की दवाई मिलकर उसे यह कहकर खिला दिया कि उसे लड़का ही होगा। शक होने पर उसने अपनी मां को सारी बात बताई। पूजा के मुताबिक 11 अगस्त को उसकी बहन स्वाति, भाई कनिष्क तथा उसकी मम्मी उसके ससुराल आए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

जेवर से किशोर गायब

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना जेवर क्षेत्र के कस्बे से एक (15 वर्षीय) किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मूल रूप से ग्राम पंचगाय बादशाहपुर खुर्जा निवासी शंकर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह पिछले 4 सालों से जेवर में रह रहा है। चार दिन पूर्व उसका (15 वर्षीय) बेटा घर से बाहर गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। देर शाम तक वापस न लौटने पर उसकी तलाश की गई लेकिन कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर किशोर की तलाश की जा रही है।

फेसबुक पर दोस्ती कर फंस गई महिला पत्रकार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। देश के जाने-माने अंग्रेजी न्यूज़ पेपर की महिला पत्रकार फेसबुक पर एक व्यक्ति से दोस्ती करके फंस गई है। फेसबुक फ्रेंड की हरकतों से तंग आकर महिला पत्रकार ने नोएडा पुलिस से शिकायत की है। थाना बिसरख क्षेत्र के गैलेक्सी नार्थ एवेन्यू निवासी महिला पत्रकार ने थाना बिसरख में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि करीब दो माह पूर्व मनीष रावत नामक व्यक्ति उसे फेसबुक पर मिला था। फेसबुक फ्रेंड बनने के बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी। कुछ समय बाद उसे मनीष रावत का व्यवहार ठीक नहीं लगा तो उसने उससे बात करने और मिलने से मना कर दिया। महिला पत्रकार का आरोप है कि इसके बावजूद भी मनीष रावत उसके ऑफिस व घर आदि जगहों पर उसका पीछा कर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

सोने की चेन व आई फोन लूटा

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा में अलग-अलग स्थानों पर बाइक सवार बदमाशों ने लूट की तीन वारदात तो अंजाम दिया। बदमाश दो युवकों से सोने की चेन तथा एक युवती से उसका आईफोन लूट लिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-75 में रहने वाले नवीन कुमार सक्सेना ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह पैदल अपने घर की तरफ आ रहे थे। इस दौरान बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन लूट ली। वहीं थाना दादरी में ग्रेटर नोएडा निवासी गौरव सोलंकी ने चेन लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गौरव सोलंकी ने बताया कि वह अपने दोस्त नवीन चौधरी के साथ कार से गौर अतुल्यम की तरफ जा रहा था। उसने एक जगह लघु शंका करने के लिए कार रूकवाई। लघु शंका कर जैसे ही वह (शेष पृष्ठ-3 पर)

भाजयुमो की तिरंगा बाइक रैली शाम को

नोएडा (चेतना मंच)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नेतृत्व में आज शाम 5:00 बजे तिरंगा बाइक रैली निकाली जाएगी। यह रैली सेक्टर-21ए नोएडा स्टेडियम के गेट नंबर-4 से शुरू होगी जो एडोब चौराहा, डीएम चौराहा, सेक्टर-19, 20, 27 होते हुए स्टेडियम में समाप्त होगी। यह जानकारी जिला महामंत्री उमेश त्यागी ने दी। उन्होंने बताया कि बतौर मुख्य अतिथि सांसद डा. महेश शर्मा, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा एमएलसी मोहित बेनीवाल तथा जिला प्रभारी श्रीमती कांता कर्दम रैली को हरी झंडी देकर रवाना करेंगी।

हरियाणा से नोएडा आई महिला के साथ पति ने की मारपीट

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा के सेक्टर-70 में अपनी दोस्त से मिलने आई एक महिला के साथ उसके पति व उसके साथियों ने मारपीट की। महिला ने जब पुलिस को कॉल करनी चाहिए तो उसके पति व उसके साथी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने थाना फेस-3 में अपने पति व अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मूल रूप से रेवाड़ी हरियाणा की रहने वाली मंजू (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी दोस्त मन्नू से मिलने के लिए नोएडा के सेक्टर-70 आई थी। वह सेक्टर-70 में अपनी दोस्त का इंतजार कर रही थी। बाइक सवार एक अनजान युवक ने उसे अपने साथ चलने के लिए कहा। उसके द्वारा विरोध जताने पर वह वहां से चला गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

सादोपुर गांव में दबंगों ने युवक को पीटा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बादलपुर क्षेत्र के सादोपुर गांव में चार दबंग युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसे अधमरा कर दिया। मारपीट के बाद आरोपी जान से करने के धमकी देकर फरार हो गए। ग्राम सादोपुर निवासी अजय पाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 10 अगस्त को उनका बेटा सुरेंद्र उर्फ सोनू गांव में नागेंद्र प्रधान के घर गया था। जब वह काफी देर तक नहीं लौटा तो वह अपने साथी अजय पाल को लेकर नागेंद्र प्रधान के घर पहुंचे। नागेंद्र प्रधान के घर से पहले उसके बेटे सुरेंद्र उर्फ सोनू को प्रमोद, तुषार, विशाल व सनी (शेष पृष्ठ-3 पर)

सुपरनोवा प्रोजेक्ट को पूरा करेगा कोटक इंवेस्टमेंट

50 करोड़ के भुगतान के बाद नक्शा व एनओसी जारी करेगा प्राधिकरण

नोएडा (चेतना मंच)। सुपरनोवा परियोजना को कोटक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर लिमिटेड पूरा करेगा। कोटक इंवेस्टमेंट बिल्डर की तरफ से बैंक व अन्य को उनका करीब 310 करोड़ रुपये बकाया देगा। इसके अलावा परियोजना को पूरा करने के लिए करीब 450 करोड रुपये का निवेश भी करेगा। इस प्रस्ताव पर नोएडा प्राधिकरण ने मंजूरी दे दी है।

नोएडा प्राधिकरण ने 28 मार्च 2011 को भूखंड संख्या-03, सेक्टर-94 का आवंटन मैसर्स सुपरटेक रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड को किया था। इस भूखंड का क्षेत्रफल 70002 वर्ग मीटर है।

बिल्डर के ऊपर 31 मई 2024 तक किश्त व लीज रेंट के रूप में 2245 करोड़ 82 लाख और समयवृद्धि शुल्क के रूप में (शेष पृष्ठ-3 पर)

नोएडा प्राधिकरण को 613 करोड़ देगा मैक्स एस्टेट

नोएडा (चेतना मंच)। मैक्स एस्टेट लिमिटेड प्राधिकरण को 3 साल के एमसीएलआर की दर से निर्धारित कुल ब्याज के साथ 613 करोड़ रुपए देगा। जबकि बिना ब्याज के यह राशि 542 करोड़ रुपए है जो कि कुल बकाया 932.68 करोड़ का 58.11 प्रतिशत है। ये पैसा जमा करने के बाद बिल्डर को 3 साल का टाइम एक्सटेंशन निशुल्क दिया जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण ने मैक्स एस्टेट लिमिटेड के खिलाफ एनसीएलटी में केस दायर किया था। जिसमें प्राधिकरण ने 8 फरवरी 2019 तक लीज रेंट, टाइम एक्सटेंशन और कंपाउंडिंग फीस सहित कुल 932.68 करोड़ का क्लेम किया था। यह भी बता दे कि बिल्डर विस्तार कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (कंसोर्टियम) को प्राधिकरण ने सेक्टर-16बी में सी/01 को 50056.72 वर्गमीटर जमीन 16 जून 2010 को आवंटित की थी। जिसमें बिल्डर की ओर से 34696.72 वर्गमीटर जमीन बुलेवर्ड प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के पास है। लेकिन पैसो का भुगतान कंपनी की ओर से नहीं किया गया।

ऐसे में प्राधिकरण ने कुल 932.68 करोड़ का क्लेम करते हुए एनसीएलटी में वाद दायर किया। एनसीएलटी ने 27 फरवरी 2023 को सफल रिसोल्यूशन एप्लीकेंट के रूम में मैक्स एस्टेट लिमिटेड के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। जिसके अनुसार नोएडा प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत क्लेम 932.68 करोड़ रुपए के (शेष पृष्ठ-3 पर)

एक सुर-एक ताल

मंडे मीटिंग के बाद मंत्री मीटिंग की अवधारणा में सरकार का 'कार्यबल' सशक्त होगा। सरकार से सचिवालय और सचिवालय से प्रदेश के फासले अगर कम हो जाएं, तो राज्य का कदमताल, एक सुर-एक ताल बन जाए। हम पुन: ट्रैफिक सिग्रल की बंद बत्तियों को सुधारने के लिए टॉर्च लिए खड़े हैं, जबकि प्रशासनिक सुधारों के लिए चंद कदम निरंतरता के साथ उठाने चाहिएं। बेशक हर विभाग की जुबां मंत्री हो सकता है और अगर हफ्ते की निगाहों में रोशनी खोजी जाए, तो बैठकों का मकसद कार्रवाई में तबदील होगा, बशर्ते सरकार हाथी बनने के बजाय खरगोश बने। उपचार तो बहुत सुना मगर, हकीम की पुडिय़ा नहीं मिली। हकीम शिमला में, दवाखाना राजधानी में, लेकिन मरीज प्रदेश के किसी न किसी छोर पर। बीमारियां छोटी हैं, मसले छोटे हैं, लेकिन आंख से पट्टियां नहीं खुल रहीं। सडकों को वाहनों की पार्किंग बनाने वाले जरूरतमंद मान लिए जाएं तो ट्रैफिक पर जारी आदेश भी क्या कर लेंगे। प्रदेश परंपराओं और अनुभव से भी चलता है। पिछले इतिहास, दस्तावेज और आधे-अधूरे विकास को पूरा करने से चलता है। उदाहरण के लिए स्कूल छुट्टियां काट चुके हैं, लेकिन बरसात की पढ़ाई जारी है। शिमला में शिक्षा विभाग के सामने पहली जुलाई से 31 अगस्त के बीच छुट्टियां देने की परंपरा में आंख पर जो पट्टी बंधी रही, वह आने वाली बारिशों के समुद्र में खुल जानी चाहिए। शिकायतें वही पुरानी और लंगर में वही पुराने लाभार्थी दाना चुग रहे हैं। किसी ने किसी न किसी प्रयास से जनता को संदेश दिया कि अबकी बार सरकार आपके द्वार पहुंच रही है। जयराम सरकार जनमंच में शिकायतों का मंचन देखती रही, लेकिन प्रशासन ने अपना हठ नहीं छोड़ा। हर उन फाइलों में देखिए जो शिकायतों से दबी पड़ी हैं। पिछले सोमवार कहीं सचिवालय से दूर नगरोटा बगवां में जब चक्का जाम हो रहा था या बाजार बंद करके कोई नारा सरकार के कान के करीब गूंज रहा था, तो उसे किसने सुना। एक ट्रांसपोर्टर से हुई धोखाधड़ी का मुख्य पात्र इसी नगरोटा बगवां की प्रशासनिक बाहों से सुरक्षित बाहर निकलकर घूम रहा है, लेकिन पुलिस के पास यह फरियाद पहुंच नहीं रही। चौदह करोड़ का फ्रॉड अब तीस करोड़ की वसूली बन कर भी किस कानून व्यवस्था की सूली बना रहेगा। कैबिनेट रैंक तो नगरोटा बगवां के हिस्से भी आया, मगर पूरा शहर जो पुकार रहा है, उसे सुनेगा कौन। मंत्रियों की बैठक से आशाएं स्वाभाविक हैं और लोकतंत्र का सुनहरा पक्ष यही है कि नागरिक हमेशा उम्मीद पर जिंदा है। बहुत सारे मसले विभागीय समन्वय के हैं, इसलिए 'मंत्री बैठक' में दिशा, दृष्टि और प्रभावशाली दस्तखत देखने को मिल सकते हैं। मसलन पर्यटन की बात पर बिजली, पानी, परिवहन, कला-संस्कृति, पीडब्ल्यूडी तथा पुलिस महकमे का तालमेल, सारा परिदृश्य बदल सकता है। उद्योग के साथ राजस्व, वन, परिवहन, प्रदूषण, अग्निशमन व कराधान मंत्रालयों की सक्रियता, इसके अस्तित्व को मजबूत कर सकते हैं। जिन्हें हम छोटा विभाग समझते हैं, उन्हें पारंगत करती हुई बैठकें खेल गतिविधियों, सांस्कृतिक समारोहों, दुग्ध एवं मत्स्य उत्पादन तक के महत्त्व को बड़ा बना सकती हैं। ग्रामीण के साथ शहरी विकास मंत्रालय का कदमताल हो तो टीसीपी कानून की संपूर्ण व्याख्या में पूरे प्रदेश का नियोजन होगा। मंत्रिमंडल की बैठकों की औपचारिक वेशभूषा में जो कैबिनेट रैंक बाहर रह जाते, उन्हें मंत्रियों की बैठक में दायित्व निभाने का अवसर मिलेगा। जाहिर है यह सुक्खू सरकार की निपुणता की सोच है जो मंडे बैठक से शुरू होकर मंत्रियों की बैठक की परिपक्वता में जोरदार आजमाइश करना चाहता है। जरूरी यह होगा कि मंत्रियों की बैठक का असर पूरे प्रदेश की आबोहवा में हो। ये बैठकें अगर महीने में एक बार शिमला से बाहर हों, तो हर जिला की विभागीय कसरतों को आयाम मिलेगा।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि अब मैं आदरपूर्वक श्री शिवजी को सिर नवाकर श्री रामचन्द्रजी के गुणों की निर्मल कथा कहता हूँ। श्री हरि के चरणों पर सिर रखकर संवत 1631 में इस कथा का आरंभ करता हूँ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

नौमी भौम बार मधुमासा। अवधपुरी यह चरित प्रकासा॥
जेहि दिन राम जनम श्रुति गावहिं। तीरथ सकल जहाँ चलि आवहिं॥
चैत्र मास की नवमी तिथि मंगलवार को श्री अयोध्याजी में यह चरित्र प्रकाशित हुआ। जिस दिन श्री रामजी का जन्म होता है, वेद कहते हैं कि उस दिन सारे तीर्थ वहाँ (श्री अयोध्याजी में) चले आते हैं॥
असुर नाग खग नर मुनि देवा। आइ करहिं रघुनायक सेवा॥
जन्म महोत्सव रचहिं सुजाना। करहिं राम कल कीरति गाना॥
असुर-नाग, पक्षी, मनुष्य, मुनि और देवता सब अयोध्याजी में आकर श्री रघुनाथजी की सेवा करते हैं। बुद्धिमान लोग जन्म का महोत्सव मनाते हैं और श्री रामजी की सुंदर कीर्ति का गान करते हैं॥
दो0- मज्जहिं सज्जन बृंद बहु पावन सरजू नीर।
जपहिं राम धरि ध्यान उर सुंदर स्याम सरीर॥
सज्जनों के बहुत से समूह उस दिन श्री सरयूजी के पवित्र जल में स्नान करते हैं और हृदय में सुंदर श्याम शरीर श्री रघुनाथजी का ध्यान करके उनके नाम का जप करते हैं॥ (क्रमश:..)

हिंदुओं पर अत्याचारों पर चुप्पी क्यों?

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों पर भारत के विपक्षी दलों की खामोशी बताती है कि वोट बैंक की राजनीति किस हद तक हावी है। यदि ऐसे ही हमले भारत या किसी पड़ौसी देश में मुसलमानों पर हुए होते तो विपक्षी दल आसमान सिर पर उठा लेते। इजराइल के हमास आतंकियों के खिलाफ हमले में मारे गए मुसलमानों के मामले में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी नेताओं के दिए गए बयान इसका प्रमाण हैं। उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड सरकार ने कांवडियों के रास्तें में दुकानदारों से नामों के खुलासो के निर्देश पर विपक्षी दलों ने लोकतंत्र को खतरे में बताया था। विपक्षी दलों का कहना था कि इससे अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है। इधर जब मुसलमान बांग्लादेश में हिन्दुओं के घर-मंदिर और व्यवसायिक प्रतिष्ठान जला रहे हैं, तब विपक्षी दलों को खास चिंता नहीं है। लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों की हार के एक प्रमुख वजह यही दोमुंही नीति भी रही है।

बांग्लादेश में देश में 1 करोड़ 31 लाख के करीब हिंदू हैं। उनके घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। अराजक तत्व हिंदू मंदिरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूके। वैसे तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले कोई नई बात नहीं है। पहले भी हिंदुओं को यहां निशाना बनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में जारी अनिश्चितता और अराजकता के माहौल के बीच वहां के करीब 27 राज्यों में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों को टारगेट किया जा रहा है। मुस्लिम कट्टरपंथियों की भीड़ ने करीब 27 जिलों में हिंदुओं के घरों के साथ ही उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है। इतना ही नहीं अराजक तत्व उनका कीमती सामान भी लूट ले गए। वहां पर मंदिरों और गुरुद्वारों में तोडफ़ोड़ की जा रही है। शेख हसीना के सत्ता और देश छोडऩे के बाद से वहां हालात बदतर हो गए हैं।

बांग्लादेश के कट्टरपंथी हिंदुओं की संपत्तियों को चुन-चुन कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। मंदिर हो या गुरुद्वारा किसी को भी बख्शा नहीं जा रहा है। बांग्लादेश के पंचगढ़, दिनाजपुर, बोगुरा, रंगपुर, शेरपुर किशोरगंज, सिराजगंज, मुगरा, नरैल, पश्चिम जशोर, पटुआखली, दक्षिण-पश्चिम खुलना, मध्य नरसिंगड़ी, सतखीरा, तंगैल,फेनी चटगांव, उत्तर-पश्चिम लक्खीपुर और हबीगंज जैसी जगहों पर कट्टरपंथिओं का आतंक जारी है। वह यहां रहने वाले हिंदुओं पर न सिर्फ हमले कर रहे हैं बल्कि उनकी संपत्तियों को भी लूट कर ले जा रहे हैं। उग्र भीड़ ने पंचगढ़ जिले में 22, झीनैदाह में 20 घरों और जैसोर में 22 दुकानों को निशाना बनाया। कट्टरपंथियों ने ढाका में हिंदू म्यूजिशियन राहुल आनंद के घर में न सिर्फ लूटपाट की बल्कि वहां आग भी लगा दी। राहुल आनंद, उनकी पत्नी और उनका बेटा वहां से सुरक्षित निकलने में कामयाब रहे, लेकिन हमलावरों ने उसके घर नें जमकर लूटपाट की। भीड़ उनके घर से महंगी चीजें चुरा कर ले गई, जिसमें राहुल का 3,000 से ज्यादा हस्तनिर्मित संगीत वाद्ययंत्रों का बड़ा कलेक्शन भी शामिल था। खुलना डिविजन स्थिति मेहेरपुर में करीब 4 हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया है। एक इस्कॉन केंद्र जला दिया गया, जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा देवी की मूर्तियां शामिल हैं। राजधानी ढाका में इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र में भीड़ ने धावा बोल दिया और वहां पर जमकर तोडफ़ोड़ की। इस सांस्कृतिक केंद्र को मार्च 2010 में खोला गया था। यहां पर सांस्कृतिक संगोष्ठियों, कार्यशालाओं के आयोजन के जरिए योग, हिंदी, भारतीय शास्त्रीय गायन जैसे भारतीय नृत्यों के जरिए भारत-बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा दिया जाता है। केंद्र सरकार का कहना है कि भारत हर स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि पड़ोसी देश की स्थिति चिंताजनक है। भारत सरकार वहां के मौजूदा तंत्र के साथ संपर्क में है।

हिन्दुओं पर इतना अत्याचार होने के बावजूद उनकी मदद के लिए हाथ बढ़ाना तो दूर इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों ने इसकी तीखी आलोचना तक नहीं की। इस आलोचना में भी विपक्षी दलों को मुस्लिम वोट बैंक खतरे में नजर आता है। साफ जाहिर है कटु

बांग्लादेश में देश में 1 करोड़ 31 लाख के करीब हिंदू हैं। उनके घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। अराजक तत्व हिंदू मंदिरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूके। वैसे तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले कोई नई बात नहीं है।

आलोचना करने का मतलब है कट्टरपंथी मुसलमानों की आलोचना करना। विपक्षी दलों के लिए ऐसा करना आसान नहीं है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा के रूट पर दुकानदारों को अनिवार्य रूप से नेमप्लेट लगाने के फैसले पर विपक्षी दलों ने जमकर हायतौबा मचाई थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा था कि जैसे दिया बुझने से पहले फडफ़ड़ाता है, ये सांप्रदायिक राजनीति का दिया फडफ़ड़ा रहा है इसलिए ऐसे फैसले ले रहे हैं। जेडीयू का कहना था कि धर्म और जाति के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। कांग्रेस ने कहा कि क्या हिंदुओं का बेचा गया मीट, दाल-चावल बन जाएगा? ठीक वैसे ही कोई अल्ताफ या रशीद आम-अमरूद बेच रहा है, वो गोश्त तो नहीं बन जाएगा। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने कहा था कि पश्चिमी उप्र व मुजफ्फरनगर जिला के कांवड़ यात्रा मार्ग में पडऩे वाले सभी होटल, ढाबा, ठेला आदि के दुकानदारों को मालिक का पूरा नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का नया सरकारी आदेश एक गलत परम्परा है, जो सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकता है। मुसलमानों के हर मुद्दे पर संविधान की दुहाई देने वाले एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे घोर अत्याचारों पर लचर बयान देकर इतिश्री कर ली। इसके विपरीत ओवैसी ने कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस की कटु आलोचना की थी। ओवैसी ने इसकी तुलना दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद और जर्मनी में हिटलर के तानाशाही फैसले से करते हुए कहा कि इसे दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद कहा जाता था और हिटलर की जर्मनी में इसका नाम जूडेनबॉयकॉट था।

हिन्दुओं के हितों के मुद्दों पर विपक्षी दलों का रवैया पूर्व में भी ऐसा ही रहा है। कनाडा में एडमोंटन शहर में स्थित बीएपीएस स्वामिनारायण मंदिर में तोडफ़ोड़ की गई और दीवार पर पेंट कर दिया गया। कनाडा में पहले भी हुए मंदिरों पर हमले होते रहे हैं। खालिस्तान समर्थक यहां अक्सर हिंदू मंदिरों को निशाना बनाते हैं। अगस्त 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया था और खालिस्तानी जनमत संग्रह का पोस्टर लगा दिया गया था। इसके अलावा भी ब्रिटेन, अमरीका सहित कई देशों में हिन्दुओं और उनके धार्मिक-व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर हमले होते रहे हैं। इसके बावजूद विपक्षी दलों ने हिन्दु विरोधियों को कभी निशाने पर नहीं लिया। ऐसे मुद्दों पर विपक्षी नेताओं के बयान तक नजर नहीं आते। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अमरीका यात्रा के दौरान भाजपा के कारण भारत के संविधान को खतरे में बताया था। वही राहुल गांधी बांग्लादेश में हिंदुओं के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं।

खास बात यह है कि बांग्लादेश में यह हालत तब है जबकि भारत ने कदम-कदम पर उसका साथ दिया है। भारत ने न सिर्फ पाकिस्तानी सेना के अत्याचारों का शिकार बांग्लादेशियों को आजादी दिलाई बल्कि बांग्लादेश को पैरों पर खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बांग्लादेश भारत की बिजली और अन्य मदद पर निर्भर है। भारत का बांग्लादेश में अरबों का निवेश है। दक्षिण एशिया में बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वर्ष 2022-23 के बीच दोनों देशों के बीच का कुल व्यापार 15.93 बिलियन अमेरिकी डालर रहा है। ऊर्जा के क्षेत्र में दोनों देश कई प्रोजेक्ट्स पर संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं। बांग्लादेश वर्तमान में 1160 मेगावाट बिजली भारत से आयात कर रहा है। दोनों देशों के बीच भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन बेहद अहम है। भारत ने पिछले एक दशक में बांग्लादेश को सड़क, रेलवे, बंदरगाहों के निर्माण के लिए हजारों करोड़ रुपये दिए हैं। भारत के हाथ खींचने से बांग्लादेश के कई प्रोजेक्ट्स रुक सकते हैं। बांग्लादेश पहले से ही चीन का कर्जदार है। चीन का कर्जा इतना बढ़ चुका है कि चीन अब बिना कुछ लिए मदद नहीं करने वाला है। ऐसे में कट्टरपंथियों के हिन्दुओं पर हमले से बांग्लादेश से भारत के संबंधों में खटास आना तय है। इसका खामियाजा बांग्लादेश को भुगतना पड़ेगा।

- योगेन्द्र योगी

महान वीर और पराक्रमी वीर दुर्गादास राठौर

राजस्थान की सुनहरी धरती जोधपुर के निकट सालवा गांव में 13 अगस्त 1638 ईश्वी को दुर्गादास का जन्म हुआ। उनके पिता आसकरण जोधपुर राजा राजा पवन सिंह के खास सरदारों में से थे। दुर्गादास के पिता ने उन्हें उचित लालन - पालन हेतु शस्त्र एवं शास्त्रों में गहन प्रशिक्षणों की व्यवस्था करवाई थी। कहते हैं न कि पूत के पांव पालने में ही दिखने लगते हैं। ठीक वैसे ही बचपन से ही दुर्गादास की हरकतों से पता लगने लगा था कि बड़े होने पर वह जरुर महानतम कार्यो को करने के लिये ही पैदा हुआ है। इसके लिये दुर्गादास के बचपन की घटना का उल्लेख करना आवश्यक होगा। हुआ यूं कि एक बार उन्होंने राज्य के ऊंटों के रखवाले का सिर अपनी तलवार से काट दिया। राज दरबार में इस अपराध के लिये उन्हें पेश किया गया और ऐसी कार्यवाही के लिये 'उनसे सवाल जवाब किया गया, तो उन्होंने कहाकि उस रखवाले ने जोधपुर के किले की शान के खिलाफ अपशब्द कहे थे।'

दुर्गादास की स्वामिभक्ति, ओजस्विता एवं शौर्य का सिक्का उस दिन से राजा जसवंत सिंह के मन में जम गया था। आने वाले दिनों में वे अपने स्वामी की अपेक्षाओं की कसौटी पर पूर्णतया खरे भी उतरे। दुर्गादास के समय राजनैतिक उठापटक और कुटिल चाल बाजियों का चरम था। फलत: युद्ध मारकाट भी यदाकदा हो रहे थे। सत्ताप्राप्ति के लिये नित नये षड़यंत्र किये जा रहे थे। उधर मुगल सल्तनत इन सभी बातों की जानकारी लेकर येनकेन प्रकार से साजिशों के द्वारा यहां के राज्य को हासिल करने के लिए अपनी बिसाते बिछा रही थी। मुगल सल्तनत के अंदर भी सत्ता हासिल करने के लिए साजिशों का दौर जारी था और अंतत: एक दिन औरंगजेब ने मुगल सत्ता के अन्य दावेदार दारा पर हमला भी कर दिया। राजा जसवंत सिंह और दुर्गादास ने इस लड़ाई में दारा का साथ दिया। लड़ाई में दारा की हार हो गई पर औरंगजेब की पारखी आंखों ने जसवंत एवं दुर्गादास की वीरता को पहचान लिया था।

सामगढ़ की लड़ाई जीतने के बाद औरंगजेब ने दिल्ली की बागडोर सम्हाली और जसवंत सिंह का उपयोग अपनी विजय यात्राओं की बागडोर सम्हालने के लिये किया। सुदूर काबुल -कंधार तक ही इन सैन्य यात्राओं में दुर्गादास जसवंत सिंह के दाहिने हाथ बनकर साथ रहते थे । दुर्गादास के सभी ताने - बाने परंपरागत भारतीय आदर्शों से बुने थे। उन्होंने अपनी मैत्री प्राणपण से निभाई। बादशाह से मिलते लगातार धमकियों और अनुरोधों को ठुकराते हुये युद्ध में उन्होंने अपने राजा को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर ही दम लिया। वे अपनी मातृभूमि की आजादी छीने जाने के पश्चात जीवन का मोह छोड़कर मरुभूमि की आजादी की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ रहे थे। अपने भूमि की स्वतंत्रता ही उनका एकमात्र मकसद था। अंतत: काफी कुर्बानियों एवं जद्दोजहद के बाद 12 मार्च 1770 ई. को जोधपुर किले पर स्वराज का निशान पंचरंगा लहराया और राजा अजीत की ताजपोशी के साथ ही दुर्गादास का उद्देश्य पूरा हुआ था।

- सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

राशिफल

श्रावण शुक्ल पक्ष : नवमी | **(विक्रम संवत् 2081)**

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान अच्छा।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
आनंदमय जीवन गुजरेगा। स्वास्थ्य बहुत बढ़िया। प्रेम-संतान का भरपूर सहयोग। व्यापार बहुत अच्छा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। परेशानी जरूर होगी लेकिन जीत आपकी होगी।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें। मानसिक उठा-पटक रहेगी। स्वास्थ्य ठीक ठाक है।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
गृहकलह के संकेत हैं। लेकिन भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम, संतान अच्छा है।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। अपनों का साथ होगा। व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य अच्छा।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
निवेश करने से बचें, धन हानि के संकेत हैं। जुबान में नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य ठीक ठाक। प्रेम, संतान मध्यम।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
भाग्य साथ देगा। ओजस्वी-तेजस्वी बने रहेंगे। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं उपलब्ध होंगी। स्वास्थ्य मध्यम।



धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
मन अप्रसन्न रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। मानसिक अवसाद की स्थिति रहेगी।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने साधन से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान अच्छा।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
व्यापारिक स्थिति संतुलित होगी। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे।कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। राजनीतिक लाभ।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
भाग्य साथ देगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ होगा। व्यापार भी अच्छा होगा।

निर्धारित अवधि में निस्तारित करें निवेश पोर्टल के आवेदन

नोएडा (चेतना मंच)। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय अवधि में निस्तारण कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उपयुक्त उद्योग अनिल कुमार ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि निवेश मित्र पोर्टल पर ग्रेटर नोएडा, नोएडा विकास प्राधिकरण, भूगर्भ जल विभाग तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सबसे अधिक आवेदन लंबित चल रहे हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने उपरोक्त विभागों के अधिकारी एवं बैठक में उपस्थित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निवेश मित्र पोर्टल उत्तर प्रदेश सरकार का बहुत ही महत्वपूर्ण पोर्टल है और इसकी मॉनिटरिंग नियमित शासन स्तर पर होती है व उसी के अनुरूप जनपद की रैंकिंग भी तय होती है। इसलिए अधिकारीगण निवेश मित्र पोर्टल के महत्व को समझते हुए निवेश मित्र पोर्टल पर आने वाले आवेदनों को निर्धारित समय अवधि में निस्तारित करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। यदि किसी भी विभाग के द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निस्तारण में कोई भी शिथिलता बरती जाएगी तो संबंधित के विरुद्ध नियम अनुसार विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जिलाधिकारी ने बैठक में उन विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए जिनके द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का निस्तारण देरी से किया जा रहा है एवं जिनके सबसे अधिक नेगेटिव फीडबैक प्राप्त हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, नोएडा प्राधिकरण एवं श्रम विभाग के अधिकारियों से कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का निस्तारण निर्धारित समय अवधि में किया जाए, यदि आवेदक के निस्तारण करने में आपके द्वारा देरी की जाएगी तो उसका प्रभाव जनपद की रैंकिंग पर पड़ेगा।

पति-पत्नी की नोंकझोंक पर हुई कव्वाली ने बांधा समां

नोएडा (चेतना मंच)। भारत विकास परिषद स्वर्णिम शाखा द्वारा तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शिशु मंदिर सेक्टर-12 में आयोजित तीज महोत्सव में शाखा से जुड़े सभी परिवारों ने हिस्सा लिया। तीज महोत्सव में शाखा परिवार की सभी मातृशक्तियों एवं बच्चों ने बड़ी ही मनमोहक डांस एवं गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पति पत्नी की नोकझोंक के ऊपर प्रस्तुत की गई क़ब्बाली आकर्षण का केंद्र रही।

शाखा सचिव प्रमोद शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश बाबू गुप्ता (राष्ट्रीय वित्त मंत्री) एवं श्रीमती सुमन गुप्ता, प्रांतीय टीम से विशिष्ट अथिति के रूप में एन.के. शर्मा, कवित बंसल, राजीव आज़मानी एवं अंकुर अग्रवाल सपत्नी उपस्थित रहे। मंच का संचालन डॉ सुष्मिता एवं दीपसी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश बंसल, महिला संयोजिका स्मृति गुप्ता, नैवेद्य शर्मा, महेन्द्र शाह, मुकुल बाजपेयी, डॉ एम के अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल,राम चन्द्र बजाज, पी के अग्रवाल, बलराज गोयल, जे एल गुप्ता, डॉ नितिन अग्रवाल, डॉ सुरेश गुप्ता, डॉ आलोक गोयल, दिनेश मित्तल, प्रकाश ईनानी, बी डी गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, राजेश खंडेलवाल, श्रीमति अंशु अग्रवाल, श्रीमती कल्पना अग्रवाल, श्रीमती सुमित्रा शाह, श्रीमती सपना बंसल, श्रीमती शिंधुजा बाजपेयी, श्रीमती मीनू अग्रवाल, श्रीमती सुजाता शर्मा, श्रीमती शालू गोयल, श्रीमती मीरा बजाज, इत्यादि शहर के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

जन औषधि केंद्र से जांच के लिए 2 औषधि सैंपल लिए

नोएडा (चेतना मंच)। जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जनपद के मेडिकल स्टोर्स पर औषधियों की मानकों के अनुरूप पर्याप्त उपलब्धता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण निरंतर स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं।

औषधि निरीक्षक जय सिंह ने बताया कि औषधि की गुणवत्ता की जांच के क्रम में भारतीय जन औषधि केंद्र ओमेगा-1 ग्रेटर नोएडा के मेडिकल स्टोर से पैंटोप्राजोल गैस्ट्रो प्रतिरोधी एंड डोमपेरीडोन कैप्सूल तथा सीताग्लिप्टिन एंड मेटफॉर्मिन हाइड्रोक्लोराइड टैबलेट कुल 02 औषधियों के नमूने संग्रहित किये गये हैं, जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जिनकी रिपोर्ट आने पर एवं विवेचना करने पर आग्रिम कार्यवाही औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम के अन्तर्गत नियमनुसार की जाएगी।

भाकियू (बलराज) ने सौंपा ज्ञापन

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के नेतृत्व में पैरामाउंट बिल्डर के खिलाफ वहां के निवासियों की सुरक्षा को लेकर जो पिछले हफ्ते जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त को ज्ञापन दिया था। पैरामाउंट बिल्डर और एसीपी एवं एडीएम की मध्यस्थता में कलेक्ट्रेट सभागार में वार्ता होनी थी। जिसमें बिल्डर का सक्षम अधिकारी नहीं पहुंचा और जिलाधिकारी ने एडीएम से वार्ता करने के लिए बोला किंतु एडीएम साहब का रवैया ठीक ना होने के कारण राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी आग बबूला हो गए जो उनके कार्यालय से नाराज होकर पुनः दोबारा जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर सौंपा और एक हफ्ते का अल्टीमेटम देते हुए अगर समाधान नहीं हुआ तो अगले हफ्ते से 22 अगस्त से पैरामाउंट के गेट नंबर एक पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन बलराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी, राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सिवाल, महिला मोर्चा, जिला अध्यक्ष, रामवीर भाटी, युवा प्रदेश अध्यक्ष विपिन खारी, रामकुमार नागर, बाबा रंगी लाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आदि सोसायटी के निवासी सभी सामिल रहे।

बंद कंप्लीशन मकान में पैदा हो रहे सांप-बिच्छू व अन्य जहरीले जानवर

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-51 के निवासी के घर से एक बहुत बड़ा जहरीला सांप निकला है जो कंप्लीशन पड़े बंद मकान से होता हुआ इनके मकान में पहुंचा है। निवासी बहुत परेशान हैं और सदमे में है क्योंकि घर में छोटे-छोटे बच्चे हैं। अनुरोध है नोएडा प्राधिकरण से कि वह इन बंद पड़े कंप्लीशन मकान के विरुद्ध तुरंत कार्रवाई करते हुए पट्टा प्रलेख की शर्तों के अनुसार कार्य करें और उनकी लीज डीड कैंसिल करते हुए इन मकानों को जरूरतमंद को बेचा जाए। सेक्टर-51 में तकरीबन 20 प्रतिशत मकान कंप्लीशन के बनाकर बंद पड़े हैं जिनमें इसी तरह की समस्या से पड़ोसी निवासी परेशान हैं और तकरीबन 20 प्रतिशत खाली भूमि पड़ी है जिन पर अभी तक कोई मकान नहीं बन पाया है।

अनुरोध है कृपया तुरंत कार्रवाई करते हुए सेक्टर का सर्वे करवाया जाए और जो भी कंप्लीशन मकान बंद पड़े हैं और उनमें झाड़ियां उगी हुई है उनके विरुद्ध तुरंत एक्शन लिया जाए।

गौतमबुद्धनगर से 6 वाहन चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। चोरों ने अलग-अलग स्थान से 6 वाहनों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना सूरजपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में जारचा गांव निवासी रिजवान ने बताया कि वह सूरजपुर स्थित जिला न्यायालय में प्रैक्टिस कर रहा है। वह रोजाना अपनी पैशन प्रो बाइक से न्यायालय आता है। 5 अगस्त को उसने अपनी बाइक न्यायालय के बाहर पार्किंग में खड़ी की थी। शाम के समय जब वह घर जाने के लिए बाइक लेने पार्किंग में आया तो वह गायब मिली।

थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के डी पार्क के बाहर से एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। मामूरा गांव में रहने वाले चंदन नाम ने दर्ज रिपोर्ट में

बताया कि वह 5 अगस्त को अपनी बाइक से डी पार्क आया था। उसने अपनी बाइक पार्क के पास खड़ी कर दी और भीतर पार्क में चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी।

थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के सुत्याना गांव स्थित पार्क के बाहर से मेरठ निवासी अर्जुन देव की बाइक चोरी हो गई।

थाना सूरजपुर क्षेत्र के पंछी विहार देवला में रहने वाले बॉबी यादव के घर के बाहर से उनकी बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

थाना फेस-2 क्षेत्र के सलारपुर गांव में रहने वाले हर्ष शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बायोडायवर्सिटी पार्क सोसाइटी में किसी से मिलने गए थे। उन्होंने अपनी बाइक सोसायटी के बाहर खड़ी कर दी। कुछ देर बाद जब वापस लौटे तो उनकी बाइक गायब थी।

वहीं थाना फेस-1 क्षेत्र के सेक्टर-16 की जेजे कॉलोनी में रहने वाले सोनू कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने अपनी स्कूटी एक कंपनी के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद जब वापस लौटे तो उनकी स्कूटी चोरी हो गई थी। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

छात्र और नौजवानों को दिलाई सपा की सदस्यता

दादरी (चेतना मंच)। समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष दीपक नागर के नेतृत्व में जीटी रोड स्थित मिहिर भोज डिग्री कॉलेज के सामने कैंप लगाकर छात्र और नौजवानों को सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर जिला महासचिव सुधीर तोमर ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। आज देश का नौजवान शिक्षा और रोजगार के लिए भटक रहा है, लेकिन सरकार युवाओं की बुनियादी समस्याओं को दरकिनार करते हुए उनकी अनदेखी कर रही है। आज सरकार की नीतियों के कारण देश का भविष्य कहे जाने वाले युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है।

इस मौके पर कार्यक्रम के जिला प्रभारी एवं मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार सोलंकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमेशा युवाओं

को आगे बढ़ाने के लिए काम किया और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते युवाओं को मजबूत करने के लिए उनके हितों के लिए अनेक योजनाएं चलाई थी। सभी वर्गों के छात्र और छात्रों तथा नौजवानों को मिला था।

इस मौके पर मुख्य रूप से मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष कुंवर नादिर अली, समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष मोहित यादव, समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मोहित नागर, हैप्पी पंडित, प्रशांत भाटी, इंजीनियर गजेंद्र यादव, अमन नागर, अनूप तिवारी आदि मौजूद रहे।

पृष्ठ एक के शेष....

नौकरियों में अब ...

तरह से पालन हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब चयन निष्पक्ष हुआ है तो काम भी निष्पक्ष रूप में करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना पूरा करने के लिए आगे आएं। स्वास्थ्य विभाग में सांख्यिकी अधिकारी नियुक्त हो रहे हैं। डाटा एंट्री व्यवस्थित करें ताकि प्रगति तेज हो।

फेसबुक पर दोस्ती...

उसने कई बार उसे समझाने का प्रयास किया लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। मनीष रावत की इन हरकतों से दुखी होकर महिला पत्रकार ने उसके खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

होंडा सिटी...

सीएनजी कार में आज सुबह अचानक आग लगी और देखते-ही देखते आग ने गाडी को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि ड्राइवर ने समय रहते कार से निकल कर अपनी जान बचाई। आग किन कारणों से लगी इसका पता नहीं चला है।

विवाहिता को लड्डू...

बातचीत करने के दौरान उसके पति सौरव, मौसी सास के बेटे प्रदीप उसकी पत्नी आंचल ने मिलकर उसके घर वालों के साथ मारपीट की। गर्भपात की दवाई के असर की वजह से 12 अगस्त की सुबह उसका गर्भपात हो गया। उसने जब यह बात अपने पति व सास को बताई तो उन्होंने कहा कि उन्होंने इसी वजह से धोखे से दवाई खिलाई थी। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

सोने की चेन व....

कार की तरफ आ रहा था तो पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने उसके गले से सोने की चेन झपट ली। उसने शोर मचाकर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह फरार हो गए।

वहीं थाना सेक्टर-113 में श्रेष्ठ वर्मा ने अपना मोबाइल फोन लूटे जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सेक्टर 74 निवासी श्रेष्ठ वर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह ऑटो से सेक्टर-125 जा रही थी। सेक्टर-76 नॉर्थ आई चौराहे के पास बुलेट बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उसके हाथ से आईफोन 15 छीन लिया और फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और बदमाशों की तलाश की जा रही है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खंगाला जा रहा है।

सुपरनोवा प्रोजेक्ट...

1073 करोड़ 47 लाख रुपये बकाया हैं। ऐसे में इस भूखंड पर बिल्डर के ऊपर 3319 करोड़ 29 लाख रुपये बकाया हैं। अधिकारियों ने बताया कि एक बैंक की देयता के कारण इस परियोजना से जुड़ा प्रकरण एनसीएलटी में विचाराधीन है।

इस मामले में बिल्डर की तरफ से किए गए अनुरोध के आधार पर अपने बकायेदारों से सेटलमेन्ट करने संबंधी आदेश 30 जुलाई 2024 को किया गया। परियोजना से अभी 7000 करोड़ रुपये से अधिक की प्राप्तियां सम्भावित हैं, जिससे वह परियोजना को पूर्ण कर सभी के बकाये का भुगतान कर सकता है। वित्तीय संस्था मैसर्स कोटक इन्वेस्टमेंट एडवाइज़र लिमिटेड की तरफ से प्राधिकरण को बताया गया कि है कि सुपरटेक बिल्डर पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र व अन्य का बकाया देने के लिए करीब 310 करोड़ रुपये में सेटलमेंट हो गया है।

यह भुगतान कोटक एडवाइजर करेगा। इसके अलावा परियोजना को पूरा करने के लिए 450 करोड़ रुपये का भी निवेश करेगा। कोटक की तरफ से प्राधिकरण से मांग की गई है कि इस परियोजना का नक्शा एवं रजिस्ट्री के लिए सभी एनओसी जारी कर दी जाती है तो रूके हुए निर्माण कार्य को पूरा कर खरीदारों के फ्लैटों की रजिस्ट्री का काम शुरू हो जाएगा। इससे खरीदारों पर रूकी हुई धनराशि भी आनी शुरू हो जाएगी।

इस मामले में नोएडा प्राधिकरण ने पूरी परियोजना पर कोविड काल के लाभ एवं निर्माण के लिए अतिरिक्त समय देने की मांग को अस्वीकार कर दिया गया है। इसकी वजह यह है कि अमिताभकांत समिति मामले में व्यावसायिक परियोजनाओं को कोई लाभ नहीं देने का निर्णय लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि कोटक प्राधिकरण को एक मुश्त 50 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान करेगा। इसके बाद प्राधिकरण परियोजना का नक्शा स्वीकृत करेगा और रजिस्ट्री के लिए एनओसी देगा।

नोएडा प्राधिकरण को....

सापेक्ष 325.52 करोड़ का भुगतान स्वीकृत किया गया। ये धनराशि क्लेम की राशि की महज 34.90 प्रतिशत थी। ऐसे में प्राधिकरण ने एनसीएलएटी में अपील की। जिस पर मैक्स एस्टेट ने आगे आकर प्राधिकरण को 542 करोड़ रुपए का भुगतान करने का प्रस्ताव दिया। प्रस्ताव में कहा कि वह 542 करोड़ पर एसबीआई के एमसीएलआर की दर से अगले 3 साल तक पेमेंट प्लान से कुल देय धनराशि का 613 करोड़ रुपए का भुगतान करेगा। साथ 25 प्रतिशत राशि अपफ्रंट जमा कराई जाएगी।

हरियाणा से नोएडा...

इस दौरान वहां कार से उसका पति रवि यादव अपने साथियों के साथ पहुंच गया। रवि व उसके साथियों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर रवि व उसके साथियों ने मारपीट की। उसने जब पुलिस को फोन किया तो उसका पति उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पीड़िता के मुताबिक उसका पति आए दिन उसे परेशान कर जान से मारने की धमकी देता है।

थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच को पता चला है कि पति-पत्नी के बीच वाद विवाद चल रहा है। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

सादोपुर गांव में...

आदि मिलाकर लाठी डंडों से पीट रहे थे। पिटाई के कारण उनका बेटा बेहोश होकर जमीन पर पड़ा था। उन्हें आता देखकर चारों आरोपी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। गंभीर स्थिति में सुरेंद्र को उपचार के लिए सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान डाक्टरों ने बताया कि मारपीट की वजह से सुरेंद्र की पसली टूट गई है। थाना बादलपुर प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और चारों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

रोडरेज में दो भाईयों...

से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए बोलेरो कार के नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

फार्म हाउस के बाहर खड़ी कार से सामान चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के सेक्टर-151 में फार्म हाउस के बाहर खड़ी कार से चोरों ने दो लैपटॉप, पासपोर्ट, ओसआई कार्ड, घड़ी व अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

गुरुग्राम हरियाणा निवासी भूमित देशवाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह किसी कार्य से सेक्टर-151 स्थित स्पोर्ट्स लैंड फॉर्म्स पर आए थे। उन्होंने अपनी कार फार्म हाउस के बाहर खड़ी कर दी और भीतर चले गए। देर रात्रि फार्म हाउस से बाहर आए तो उनकी कार का शीशा टूटा हुआ था। कार से दो लैपटॉप, उनका ब्रिटिश पासपोर्ट ओसीआई कार्ड लैपटॉप चार्जर घड़ी व अन्य सामान गायब था।

अवैध हथियार के साथ बदमाश दबोचा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना सूरजपुर पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश के पास से तमंचा, कारतूस बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। मोजर बियर मोड पर पुलिस को देखकर एक व्यक्ति हड़बड़ा कर भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रितिक पुत्र दीपक कुमार निवासी जनपद बिजनौर बताया। पकड़ा गया आरोपी हाल में कस्बा सूरजपुर में रह रहा है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कार्यालय में पेश किया गया है।

चार पर लगाया गैंगस्टर

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना दादरी पुलिस ने चार बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध किए गए बदमाशों ने अपहरण के बाद हत्या की घटना को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी सुजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि रचित नागर, सुशांत, सुमित व शिवम के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध किए गए आरोपियों ने अपहरण के बाद हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि चारों आरोपी शातिर बदमाश है और संगठित गिरोह बनाकर आपराधिक वारदात को अंजाम देते हैं।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

खास खबर

भेल को डीवीसी से ताप विद्युत परियोजना का ठेका मिला

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) से 1,600 मेगावाट की परियोजना का ठेका मिला है। भेल ने बयान में कहा कि इस 1600 मेगावाट कोडरमा सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एसटीपीपी) को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के जरिये हासिल किया गया। कोयला आधारित इकाई झारखंड के कोडरमा जिले में ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण) आधार पर स्थापित की जाएगी। भेल भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग व विनिर्माण कंपनियों में से एक है।

पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी देखी जा रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर है।

गोदरेज प्रॉपर्टीज ने खालापुर में खरीदी 90 एकड़ जमीन

नई दिल्ली। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने महाराष्ट्र के रायगढ़ के खालापुर में 90 एकड़ जमीन खरीदी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया ?कि इस भूमि पर करीब 17 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र में विकास की संभावना है, जिसमें मुख्य रूप से आवासीय भूखंड विकास शामिल है। हालांकि, कंपनी ने इससे जुड़ी वित्तीय जानकारी नहीं दी। गोदरेज प्रॉपर्टीज के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आवासीय भूखंड विकास ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण गति हासिल की है। खालापुर की आने वाले समय में अच्छी मांग होगी। गोदरेज हिलव्यू एस्टेट को मिली अच्छी प्रतिक्रिया के बाद हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करना है। खालापुर मुंबई से करीब 70 किलोमीटर दूर स्थित है।

वोल्टास का पहली तिमाही में मुनाफा बढ़कर 335 करोड़

नई दिल्ली। एयर कंडीशनर विनिमार्ता व इंजीनियरिंग सेवा प्रदाता वोल्टास लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में मुनाफा दोगुना होकर 335 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली अप्रैल-तिमाही में मुनाफा 129.42 करोड़ रुपये था। टाटा समूह की कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि पहली तिमाही में उसने एसी की 10 लाख इकाई की बिक्री रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की। इस तिमाही में उसकी कुल आय 5,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई। समीक्षाधीन तिमाही में वोल्टास की परिचालन आय 46.46 प्रतिशत बढ़ी। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 3,359.86 करोड़ रुपये थी। अप्रैल-जून तिमाही में वोल्टास का कुल खर्च 41.44 प्रतिशत बढ़कर 4,520.40 करोड़ रुपये हो गया। वोल्टास की कुल आय 45.81 प्रतिशत बढ़कर 5,001.27 करोड़ रुपये रही।

काइनेटिक ग्रीन ने ग्रेटर पैसिफिक से जुटाए 2.5 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी काइनेटिक ग्रीन ने निजी इक्विटी कंपनी ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल से 2.5 करोड़ डॉलर (करीब 209 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। कंपनी ने कहा कि उसने सीरीज ए वित्त पोषण चक्र में यह पूंजी जुटाई। इसका लक्ष्य चार करोड़ अमेरिकी डॉलर तक जुटाना था। पुणे स्थित कंपनी ने बयान में कहा कि वह इस धनराशि का इस्तेमाल सुपा (महाराष्ट्र) स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र में उत्पादन बढ़ाने, हाल ही में पेश किए गए ई-लूना सहित अपने मौजूदा उत्पादों के विपणन तथा वितरण व नए उत्पादों के अनुसंधान एवं विकास के लिए करेगी। काइनेटिक ग्रीन ने इस साल जनवरी में अपना प्रमुख वाहन ई-लूना पेश किया था।

क्रॉम्पटन ने क्वॉलिटी प्रोडक्ट्स की पहुंच उपभोक्ताओं तक रखा बरकरार

- कंपनी हमेशा अपने क्वॉलिटी प्रॉडक्ट्स उपभोक्ताओं की पहुंच में लाने को प्राथमिकता दी है
- क्रॉम्पटन ने नकली प्रॉडक्ट्स के इस खतरे से मुकाबला कर मजबूत संदेश देने का लक्ष्य तय किया है

एजेंसी

नई दिल्ली। क्रॉम्पटन और बटरफ्लाई ब्रांड ने नकली प्रोडक्ट्स पर लगाम लगाने के लिए सोमवार को देशभर में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की। इन छापों में कंपनी ने गीजर, एलईडी बल्ब, पंखे और एलपीजी प्रोडक्ट्स सहित बड़ी मात्रा में नकली प्रॉडक्ट्स को जब्त किया गया। छापेमारी के दौरान न केवल नकली सामानों को जब्त किया गया, बल्कि इसके निर्माण में लगी फैक्ट्रियों को भी निशाना बनाया गया। क्रॉम्पटन ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि कंपनी हमेशा अपने क्वॉलिटी प्रॉडक्ट्स उपभोक्ताओं की पहुंच में लाने को प्राथमिकता दी है। कंपनी को जाली प्रॉडक्ट्स की जानकारी मिलने पर कड़ी कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई से न केवल नकली प्रॉडक्ट्स की सप्लाई चेन को नुकसान पहुंचाया गया, बल्कि उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी के शिकार होने से भी बचाया गया। इसलिए क्रॉम्पटन ने नकली प्रॉडक्ट्स के इस खतरे से मुकाबला कर मजबूत संदेश देने का लक्ष्य तय किया है। इससे उपभोक्ताओं के हितों और प्रामाणिक और असली प्रॉडक्ट्स हासिल करने के उनके अधिकारों की रक्षा हो सकेगी और क्रॉम्पटन और बटरफ्लाई ब्रांड्स के प्रॉडक्ट्स की क्वॉलिटी में यूजर्स का विश्वास बरकरार रहेगा। कंपनी ने बताया कि क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स ने नकली प्रॉडक्ट्स की बिक्री का मुकाबला करने के लिए की गई इस छापेमारी में आईपी इन्वेस्टिगेशन एंड डिटेक्टिव्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ग्रीव्स प्रोटेक्शन मैनेजमेंट (पी) लिमिटेड और ईआईपीआर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के साथ भागीदारी की। कंपनी ने देश में चार जगहों पर छापा मारा है। इसमें नई दिल्ली के बवाना से नकली गीजर और पंखे जब्त किए गए। वहीं, लखनऊ से नकली एलईडी बल्ब जब्त किए गए हैं, जबकि मेरठ से नकली गीजर जब्त किया गया है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली में छापेमारी में नकली बटरफ्लाई गैस स्टोव प्रॉडक्ट्स (बटरफ्लाई ऐस स्टोव और बटरफ्लाई राइनो स्टोव) और एलपीजी हौज पाइप जब्त किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि क्रॉम्पटन ग्रीव्स इलेक्ट्रिकल लिमिटेड भारत में 85 से ज्यादा वर्षों की ब्रैंड की विरासत के साथ फैंस और घरों में इस्तेमाल करने वाले पंप के क्षेत्र में मार्केट का लीडर है। इन सालों में कंपनी ने कई नए-नए प्रॉडक्ट्स की रेंज लॉन्च की है, जो नए जमाने के उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करती है। इन प्रॉडक्ट्स में पंखे, पंप, लाइटिंग सोल्यूशन के साथ अन्य श्रेणियों की विविध रेंज के प्रॉडक्ट्स जैसे वॉटर हीटर, एयर कूलर और किचन में इस्तेमाल होने वाले छोटे घरेलू उपकरण जैसे मिक्सर ग्राइंडर, एयर फ्रायर्स, ओटीजी, इलेक्ट्रिक केतली समेत अन्य उपकरण शामिल हैं।

धनलक्ष्मी बैंक को पहली तिमाही में 8 करोड़ का घाटा

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के धनलक्ष्मी बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही अप्रैल-जून के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अप्रैल-जून तिमाही में बैंक को आठ करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। बैंक ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 28 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। धनलक्ष्मी बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 338 करोड़ रुपये रह गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसकी आय 341 करोड़ रुपये था। बैंक के मुताबिक 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही में ब?याज से अर्जित आय 306 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 289 करोड़ रुपये थी। इस दौरान बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) घटकर 4.04 फीसदी रह गईं, जो पिछले साल जून के अंत में 5.21 फीसदी रही थीं। उल्लेखनीय है कि धनलक्ष्मी बैंक निजी क्षेत्र का एक बैंक है।

देश का औद्योगिक उत्पादन जून महीने में 4.2 फीसदी बढ़ा

एजेंसी

नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर झटका लगने वाली खबर आई है। देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) सालाना आधार पर 4.2 फीसदी की दर से बढ़ा है। पिछले साल जून में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर चार फीसदी रही थी। वहीं, इससे पिछले महीने मई में औद्योगिक उत्पादन ग्रोथ 5.9 फीसदी थी, जबकि अप्रैल में यह दर 5 फीसदी रही थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि देश का औद्योगिक उत्पादन जून महीने में खनन और बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन की वजह से 4.2 फीसदी की दर से बढ़ा है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय संगठन (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल जून में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर चार फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक जून महीने में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 2.6 फीसदी रही, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह दर 3.5 फीसदी थी। इस तरह खनन क्षेत्र 10.3 फीसदी की दर से बढ़ा है, जबकि बिजली क्षेत्र की वृद्धि दर 8.6 फीसदी रही है। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 5.2 फीसदी रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 4.7 फीसदी से अधिक है। उल्लेखनीय है कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का पिछला उच्चतम स्तर अक्टूबर 2023 में 11.9 फीसदी था। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के पैमाने से परख कर मासिक आंकड़ा जारी करता है। देश के औद्योगिक उत्पादन की गतिविधियों को इसके जरिए ही मापा जाता है।

कॉर्पोरेट विस्तार के तहत जेटवर्क ने विनोद कुमार दासारी को बोर्ड में किया शामिल

एजेंसी

मुंबई। कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग के लिए दुनिया के सबसे बड़े बाजार के रूप में स्थापित जेटवर्क अपने कस्टमर्स तथा स्टेकहोल्डर्स को बेहतर सेवा देने के लिए विस्तार कर रहा है। अपनी विस्तार योजना के तहत ही प्लेटफॉर्म ने अपनी लीडरशिप को मजबूत करने के लिए श्रीमान विनोद कुमार दासारी को बोर्ड में शामिल करने की घोषणा की है। जेटवर्क के बोर्ड में दासारी जी ऐसे समय में शामिल हुए हैं जब कंपनी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस, रिन्यूवेबल्स और इंडस्ट्रियल जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रणनीतिक रूप से तेजी से बढ़ रही है। अपनी नियुक्ति पर बात करते हुए विनोद कुमार दासारी ने कहा, मुझे मैं जेटवर्क के बोर्ड में शामिल होने पर काफी खुशी हो रही है। मैं जेटवर्क के बोर्ड में शामिल होने के साथ एक ऐसी कंपनी का हिस्सा बना हूं जो मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में इनोवेशन के लिए जानी जाती है। मैं कंपनी की प्रतिभाशाली टीम के साथ मिलकर जेटवर्क की महत्वाकांक्षी सोच में योगदान देने की पूरी उम्मीद करता हूँ। श्री दासारी के पास ऑटोमोबाइल और इंजीनियरिंग जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस को आगे बढ़ाने और बड़े स्तर तक ले जाने का लगभग चार दशकों का अनुभव है। उनका व्यापक अनुभव और बेहतरीन लीडरशिप जेटवर्क के लिए एक अहम साबित होगी। जेटवर्क बोर्ड में शामिल होने से पहले श्री दासारी निजी इक्विटी फर्म एडवेंट इंटरनेशनल, रॉयल एनफील्ड और अशोक लेलैंड जैसे बड़े फर्मों में भी महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं।

दक्षिण कोरिया की कंपनी मरकबा ईसीडीएस मप्र में करेगी दो हजार करोड़ का निवेश

एजेंसी

भोपाल। दक्षिण कोरिया और भारत की ज्वाइंट वेंचर कंपनी मरकबा ईसीडीएस के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को मध्य प्रदेश के दौरान राजधानी भोपाल पहुंच कर मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। दक्षिण कोरिया के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश में विभिन्न सेक्टरों में निवेश योजनाओं के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया। मरकबा ईसीडीएस कम्पनी द्वारा प्रथम चरण में लगभग 20 प्रोजेक्टस में दो हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावित किए गए हैं, जिससे 25 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इस अवसर पर औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह तथा दक्षिण कोरिया प्रतिनिधि मंडल के सदस्य जोओंग जोंग चेओल, खवांग ओन रेह्यू, जूनव्ही जो, गेल खांग, जुनसंग ली और वोसिओक चंग और राजेश भारद्वाज उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा में कम्पनी ने प्रदेश की औद्योगिक नीति का लाभ लेते हुए वाटर एंड सीवेज पाईप मैन्यूफेक्चरिंग, फार्मा, इलेक्ट्रानिक कंपोनेन्टस, नेनो फाइबर फ्रेम्स, बिग डेटा सोल्यूशन्स, ड्रोन टेक्नोलाजी इत्यादि में निवेश की इच्छा व्यक्त की है।

जागरूकता एवं बचाव अभियान से जुड़े अमिताभ बच्चन व मनोज पाहवा

एजेंसी



रांची। जीएसके ने आज शिंगल्स के प्रति जागरूकता के लिए नया कैंपेन लॉन्च किया। इस कैंपेन में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन एवं प्रतिष्ठित अभिनेता मनोज पाहवा चिकनपॉक्स और शिंगल्स के बीच के वैज्ञानिक संबंधों के बारे में विस्तार से समझाते हुए नजर आएंगे। कैंपेन फिल्मों में शिंगल्स के बारे में चर्चा कर रहे दो दोस्तों के बीच की सामान्य बातचीत को ही केंद्र में रखा गया है। इसमें डायबिटीज से पीड़ित लोगों में शिंगल्स की अधिक आशंका के बारे में भी विमर्श किया गया है। इस अभियान को लेकर मनोज पाहवा ने कहा, मैं उस आयु वर्ग में आता हूं, जिसमें शिंगल्स होने का खतरा रहता है। जीएसके के शिंगल्स जागरूकता अभियानों के माध्यम से मैंने इस दर्दभरी बीमारी और इससे जुड़े खतरों के बारे में काफी कुछ जाना है। मैं लोगों को शिंगल्स के कारण जानने और बचाव के महत्व के बारे में शिक्षित करने के इस अभियान का हिस्सा बनकर गर्व का अनुभव कर रहा हूं। मैं 50 साल से अधिक उम्र के लोगों को प्रोत्साहित करना चाहूंगा कि अपने डॉक्टर से शिंगल्स एवं इससे बचाव के तरीकों के बारे में बात करें। ऐसे लोग जिन्हें पहले चिकनपॉक्स हो चुका हो और अब वे डायबिटीज का शिकार हैं, तो उनमें शिंगल्स का खतरा 40 प्रतिशत ज्यादा रहता है। खून में ग्लूकोज की ज्यादा मात्रा यानी हाई ब्लड शुगर से इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है और जब इम्यून सिस्टम कमजोर होता है तो चिकनपॉक्स के वायरस के पुनः सक्रिय होने और शिंगल्स होने का खतरा बढ़ जाता है। जीएसके की पेशेंट एम्पावरमेंट हेड विज्ञेता अग्रवाल ने कहा, 2023 का एपीआई-इप्सॉस सर्वे दिखाता है कि यहां तक कि जिन लोगों को शिंगल्स हो चुका है, उन्हें भी अपनी इस दर्दभरी बीमारी का कारण नहीं पता होता है। यह जरूरी है कि 50 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को शिंगल्स और इससे बचाव के बारे में पता हो। हम शिंगल्स होने के वैज्ञानिक कारणों और चिकनपॉक्स एवं शिंगल्स के बीच के संबंधों को सामान्य तरीके से समझाना चाहते हैं। अमिताभ बच्चन में देश के हर कोने के लोगों से जुड़ने की अद्भुत क्षमता है। हमें विश्वास है कि कैंपेन में उनके होने से हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों, विशेष रूप से बड़ी उम्र के लोगों तक पहुंचने और उन्हें शिंगल्स एवं इससे बचाव के तरीकों के बारे में अपने डॉक्टर से सलाह लेने के लिए प्रेरित करने में मदद मिलेगी।

म्युचुअल फंड कंपनी का एयूएम रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली। म्यूचुअल फंड स्कीम्स में बीते महीने म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में रिकॉर्ड बढ़त देखने को मिली है। यह मासिक आधार पर 6 फीसदी बढ़कर 64.69 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है, जो कि जून में 60.89 लाख करोड़ रुपये पर था। म्यूचुअल फंड एयूएम बढ़ने से देश में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के चलन में इजाफा होना है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स (एएमएफआई) के डेटा के मुताबिक जुलाई में एसआईपी के जरिए 23,332 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जो अब तक का सबसे बड़ा डेटा है। हालांकि, कुछ इक्विटी निवेश 8.61 फीसदी कम होकर 37,113.4 करोड़ रुपये पर आ गया है।

आरबीआई ने आंकड़ों के मानकीकरण पर विशेषज्ञ समिति गठित की

एजेंसी

मुंबई/नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एक विशेषज्ञ समिति गठित की है। रिजर्व बैंक ने नियमित रूप से जारी होने वाले अपने आंकड़ों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के लिए इस समिति का गठन किया है। इस 10 सदस्यों वाली समिति की अध्यक्षता केंद्रीय बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा करेंगे। आरबीआई ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। इस समिति में 10 सदस्य होंगे। इस समिति का उद्देश्य नियमित रूप से प्रसारित किए जाने वाले आंकड़ों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के साथ सुधार की गुंजाइश पर मार्गदर्शन प्रदान करना है। रिजर्व बैंक ने आंकड़ों के मानकीकरण पर गठित इस विशेषज्ञ समिति को नवंबर, 2024 के अंत तक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। माइकल देवव्रत पात्रा की अध्यक्षता वाली यह समिति अन्य नियमित आंकड़ों की गुणवत्ता का भी अध्ययन करेगी। इस समिति के अन्य सदस्यों में आर. बी. बर्मन (पूर्व चेयरमैन, राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग), सोनाली देसाई (राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली और मैरीलैंड विश्वविद्यालय, यूएसए), पार्थ रे (निदेशक, राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान, पुणे) और विमल रॉय (पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग शामिल हैं।

महिंद्रा ट्रक और बसों की 5 नई डीलरशिप का उद्घाटन

एजेंसी

छपरा। वित्त वर्ष 24 में बिजनेस वॉल्यूम में 46 प्रतिशत की मजबूत 4 साल की सीएजीआर वृद्धि के बाद, महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन (एमटीबीडी) ने जुलाई के महीने में भारत के चार राज्यों में अपनी 5 नई अत्याधुनिक डीलरशिप का उद्घाटन किया। इनमें 37 सर्विस बे शामिल हैं जो प्रतिदिन 75 से अधिक वाहनों की सर्विस कर सकते हैं, साथ ही ड्राइवर लॉजिंग, 24 घंटे ब्रेकडाउन सहायता और एडब्लू उपलब्धता भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के बिजनेस हेड - कमर्शियल व्हीकल्स जलज गुप्ता ने कहा, भारत के कमर्शियल व्हीकल्स के बाजार में महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन (एमटीबीडी) की मजबूत उपस्थिति है, जिसने पहले ही कई क्षेत्रों और बाजारों में नंबर 3 स्थान हासिल कर लिया है। श्री गुप्ता ने महिंद्रा के वाहनों की बेहतर तकनीकी क्षमता के बारे में जोर देते हुए रेंज के ट्रकों के लिए नई माइलेज गारंटी ज्यादा माइलेज नहीं तो ट्रक वापस को भी लॉन्च किया, जो ट्रांसपोर्टरों के लिए लाभ के अवसरों को बढ़ाती है। उन्होंने आगे कहा कि मजबूत डीलर भागीदारों के साथ मिलकर ये अत्याधुनिक 3एस सुविधाएं उच्च ग्राहक सेवा मानक स्थापित करेंगी और महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन कारोबार का विस्तार करेंगी। महिंद्रा ब्लेजो एक्स, फुरिओ, ऑप्टिमो और जयो भारत में एकमात्र सीवी ट्रक रेंज हैं जो श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता सहित डबल सर्विस गारंटी देते हैं।

फिल्म साइबर मैन में मिस ग्लोबल एश्ले मेलेंडीज के दिखेंगे जलवे

एजेंसी

मुंबई। साइबर क्राइम आज के दौर का सबसे खतरनाक अपराध बन गया है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग साइबर ठगी के शिकार होते हैं, उनके पैसे बैंक खाते से ठग लिए जाते हैं और इसके पीछे एक बड़ा गिरोह सक्रिय है। एक साधारण व्यक्ति मनीष गोयल भी वर्षों पहले साइबर ठगी के शिकार हुए, लेकिन उन्होंने चोरों को पकड़ने का बीड़ा उठाया और महीनों की मेहनत के बाद चोरों को जेल भिजवाया। आज लोग उन्हें साइबर मैन के नाम से जानते हैं। मनीष गोयल के जीवन की एक सच्ची घटना से प्रेरित होकर फिल्म साइबरमैन बनाई जाने वाली है। मुम्बई में इस फिल्म की ऑफिशियल घोषणा की गई और पोस्टर जारी किया गया है। वेलग्रेड स्टूडियोज प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही इस हिंदी फीचर फिल्म की शूटिंग उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और बेंगलुरु में फरवरी 2025 से शुरू होगी। मिस ग्लोबल विनर एश्ले मेलेंडीज और मिस ग्लोबल इंडिया मानसी चौरसिया को इस फिल्म से इंट्रोड्यूस करवाया जा रहा है जबकि फिल्म में जाकिर हुसैन सहित कई नामी कलाकार भी होंगे। फिल्म के निमार्ता खालिद किदवई, मनीष गोयल हैं जबकि लेखक निर्देशक राकेश श्रीवास्तव हैं। फिल्म की प्रेस कॉन्फ्रेंस के अवसर पर पद्मश्री अनूप जलोटा भी मेहमान के रूप में हाजिर हुए और पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। साइबर मैन मनीष गोयल की जिंदगी की कहानी भी किसी फिल्म की स्टोरीलाइन की तरह रोमांचक और प्रेरक है। उन्होंने बेशुमार लोगों की मदद की और ठगी के शिकार लोगों को गाइड किया जिसके बाद समाज ने उन्हें साइबर मैन की उपाधि से नवाजा। उसके बाद से लेकर अब तक प्रतिदिन उनके पास आधा दर्जन मामले सॉल्व करने के लिए आते हैं जिन्हें वह गाइड कर देते हैं। हालांकि मनीष को बहुत सी धमकी भी मिल चुकी है लेकिन वह अपने मिशन पर अडिग हैं। उनका एक ही लक्ष्य है कि सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के 600 करोड़ लोगों के पैसों को सुरक्षित रखा जाए और वह मीडिया इंटरव्यू के माध्यम से लोगों को जागरूक भी करते रहते हैं। अबतक उन्होंने 5 लाख से ज्यादा केस सॉल्व किए हैं। फिल्म के पोस्टर में जाकिर हुसैन एक पुलिसकर्मी के रूप मे दिख रहे है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं। मैं भी यूपी का हूँ, निर्माता खालिद किदवई और मनीष गोयल भी उत्तरप्रदेश के हैं। फिल्म का नाम और पोस्टर आकर्षक है मुझे उम्मीद है कि एक बेहतर फिल्म बनेगी। निर्माता खालिद किदवई ने कहा कि भारत का हर चौथा आदमी साइबर ठगी का शिकार होता है। पब्लिक में जागरूकता फैलाने के लिए यह सिनेमा बनाया जा रहा है। मैं दुबई में मिस ग्लोबल एश्ले से मिला था, वहां से जेहन में आया कि मिस ग्लोबल को बॉलीवुड में इंट्रोड्यूस किया जाए। मैं इंडस्ट्री में ओमपुरी को अपना गॉडफादर मानता हू, उनकी लास्ट फिल्म हमने बनाई थी। उनके अलावा जाकिर हुसैन भी हमसे पहले से जुड़े हैं। निर्देशक राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि स्पैनिश ब्यूटी एश्ले बहुत प्रतिभाशाली क्ट्रेस हैं। वह जल्दी हिंदी सीख रही हैं और मुझे आशा है कि वह अपने संवाद की डबिंग खुद करेंगी। मुरादाबाद यूपी से मनीष गोयल आए हैं, वह सह निर्माता भी हैं और फिल्म उनके अनुभवों की स्टोरी बयान करेगी। फिल्म थ्रिलर है मगर इसमें मनोरंजन भी है। फिल्म में एक स्ट्रांग मैसेज भी है। ठगी के शिकार लोगों का पहला कदम क्या होना चाहिये, दूसरा कदम क्या, इस बारे में बताएंगे। मनीष गोयल ने कहा कि यह एक सपना भी है और एक मिशन भी।

विदेशी उत्पाद खरीदने में भारतीय सबसे अव्वल

मुंबई। भारतीय ग्राहक विदेशी सामान की सबसे ज्यादा खरीदारी करते हैं। एक सर्वे के अनुसार भारत में 67 फीसदी लोगों ने विदेशी सामान खरीदते हैं, जबकि अमेरिका में यह आंकड़ा 37 फीसदी और ब्रिटेन में 27 फीसदी है। रिपोर्ट के अनुसार, 76 फीसदी भारतीय उपभोक्ता मानते हैं कि विदेशी उत्पाद देसी उत्पादों की तुलना में बेहतर हैं। 61 फीसदी से अधिक उपभोक्ता विदेशी उत्पादों की खरीदारी के लिए प्रमुख ऑनलाइन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। हालांकि, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सीधी खरीदारी के विकल्प उपलब्ध होने के बावजूद, केवल 4.8 फीसदी उपभोक्ता ही सोशल मीडिया के माध्यम से खरीदारी करते हैं। सर्वे में शामिल देशों में भारत तीसरे स्थान पर है, जो ई-कॉमर्स साइट्स पर निर्भर करता है। इस सर्वे में भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य देशों के करीब 8200 उत्तरदाताओं से प्राप्त डेटा का अध्ययन किया गया।

खास खबर

पीकॉक करी की रेसिपी बताने वाला यूट्यूबर गिरफ्तार

हैदराबाद। तेलंगाना के सिरसिला का एक यूट्यूबर प्रणय कुमार उस समय मुश्किल में पड़ गया, जब उसका मोर करी बनाने की रेसिपी वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो से अवैध वन्यजीव उपभोग को बढ़ावा देने के आरोप में आक्रोश फैल गया है। वन विभाग ने कुमार को गिरफ्तार किया और उस क्षेत्र का निरीक्षण किया जहां उसने मोर करी पकाई थी और वीडियो शूट किया था, कुमार वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत आरोपों का सामना कर रहा है। अधिकारियों का आरोप है कि वीडियो में न केवल बढ़ावा देता है, बल्कि इस प्रोटेक्टेड प्रजाति की हत्या करना भी शामिल है। वन अधिकारी वीडियो की वैधता की जांच कर रहे हैं और फॉरेंसिक जांच के लिए सैंपल इकट्ठे किए हैं। सिरसिला के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोडम प्रणय कुमार के खिलाफ संबंधित कानून के तहत केस दर्ज किया गया है। इसके साथ ही उसके और ऐसी हरकतें करने वाले किसी भी अन्य व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कोच्चि एयरपोर्ट पर सोने के साथ एक यात्री को दबोचा

कन्नूर। अधिकारियों ने सोमवार को कोच्चि एयरपोर्ट पर एक यात्री को लगभग 500 ग्राम सोने के साथ पकड़ा है। दुबई के रास्ते दोहा से कोच्चि पहुंचे यात्री को कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के एग्जिट गेट पर अधिकारियों ने रोका। जब यात्री की सघन तलाशी ली गई तो उसके पास 8 सोने की चेन बरामद की गई। यात्री ने सभी आठों सोने की चेन जूतों के तल के अंदर छिपाई हुई थी, जिनका कुल वजन 466.5 ग्राम है। बता दें कि अधिकारी अक्सर विदेशों से सोना ला रहे यात्रियों को पकड़ते हैं।

देसी शिक्षा पर बढ़ रहा भरोसा, विदेशी कैंपस अब भारत में ही दे रहे अवसर

नई दिल्ली। हाल के महीनों में, भारतीय छात्रों के विदेश में अध्ययन करने की प्रवृत्ति में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल रहा है। विशेष रूप से, विदेशी शिक्षा की चाह रखने वाले छात्रों की संख्या में कमी आई है, जबकि देश में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होने के कारण छात्रों की प्राथमिकता अब अपने देश में रहकर अध्ययन करने की ओर बढ़ रही है। रीजनल पासपोर्ट कार्यालय भोपाल द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च में वीजा और पासपोर्ट के लिए किए गए आवेदनों में 60 प्रतिशत छात्र विदेश में अध्ययन के इच्छुक थे। लेकिन जुलाई के बाद से, इस आंकड़े में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिला है। कनाडा, बांग्लादेश और यूक्रेन जैसे देशों में हो रही राजनीतिक अशांति और युद्ध की स्थिति के कारण छात्रों ने विदेश में अध्ययन के विचार को स्थगित कर दिया है। विदेश जाकर पढ़ने वालों के आंकड़ों में दिखी गिरावट 2022 के मुकाबले 2023 में विदेश में अध्ययन करने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 45 प्रतिशत बढ़ी थी। लेकिन 2024 में यह संख्या 1.28 प्रतिशत घट गई है। आंकड़ों के अनुसार, 2022 में 9,07,404 छात्र विदेश में पढ़ाई कर रहे थे, जो 2023 में बढ़कर 13,18,955 हो गए।

380 तीर्थयात्रियों का जत्था बूढ़ा अमरनाथ मंदिर के लिए रवाना

नई दिल्ली। जम्मू के आधार शिविर से 380 से अधिक तीर्थयात्री कड़ी सुरक्षा के बीच बम बम भोले के उद्घोष के साथ पुंछ जिले में बूढ़ा अमरनाथ मंदिर के लिए रवाना हुए। अधिकारियों के अनुसार, 382 तीर्थयात्रियों का छठा जत्था केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस की सुरक्षा में 10 वाहनों के काफिले में तड़के सवा पांच बजे भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। इस जत्थे में 283 पुरुष, 90 महिलाएं और नौ बच्चे शामिल हैं। ये लोग आठ बसों और दो हल्के मोटर वाहनों (एलएमवी) में यात्रा कर रहे हैं।

रेलवे में बढ़ता भारत का दबदबा

विदेशों में भी दौड़ेंगी वंदे भारत ट्रेनें

एजेंसी

नई दिल्ली। वंदे भारत ट्रेनों को अब एक्सपोर्ट करने की तैयारी है। राज्य के स्वामित्व वाली भारी उपकरण निर्माता बीईएमएल लिमिटेड की ओर से यह जानकारी दी गई। इसने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में रक्षा के साथ ही रेल और मेट्रो से राजस्व मजबूत हो सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि उसे कुछ वर्षों में वंदे भारत और मेट्रो ट्रेनों के लिए निर्यात ऑर्डर मिलने लगेगा। शांतनु रॉय BEML के चेयरमैन हैं। इकोनॉमिक टाइम्स को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'सबसे पहले हमारा टारगेट देश में स्वदेशी वंदे भारत ट्रेनों को पटरी पर दौड़ाना है। मगर, इसके अगले साल हम इसके निर्यात की दिशा में काम करेंगे।' बीईएमएल फिलहाल भारतीय रेलवे के लिए वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का पहला प्रोटोटाइप बनाने में लगा हुआ है। ऐसी उम्मीद है कि आने वाले कुछ महीनों में यह कार्य पूरा हो जाएगा। कंपनी की ओर से कहा गया कि मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही, मिडिल ईस्ट, साउथ अमेरिका और एशियाई देशों को वंदे भारत और मेट्रो के निर्यात की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। रॉय ने कहा कि मौजूदा एक्सपोर्ट रेट 4 प्रतिशत है जिसे 10 फीसदी तक लेकर जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। दूसरी ओर, पश्चिम रेलवे की ओर से एक अहम जानकारी साझा की गई है। इसमें बताया गया कि गुजरात के राजकोट और भावनगर मंडल के सभी स्टेशनों पर क्यूआर कोड उपलब्ध करा दिए गए हैं। यात्री क्यूआर कोड के माध्यम से टिकट किराए का भुगतान कर सकते हैं। मंडल रेल प्रवक्ता ने बताया कि इस नई पहल के तहत राजकोट मंडल के राजकोट, जामनगर, सुरेंद्र नगर, द्वारका सहित सभी छोटे-बड़े स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड उपलब्ध हैं। इनके माध्यम से रेल टिकट का भुगतान स्वीकार करने की सुविधा दी गई है। मंडल रेल प्रबंधक ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे डिजिटल तरीके से टिकट किराया का भुगतान करने के लिए क्यूआर कोड का उपयोग करें।

● सबसे पहले हमारा टारगेट देश में स्वदेशी वंदे भारत ट्रेनों को पटरी पर दौड़ाना है। मगर, इसके अगले साल हम इसके निर्यात की दिशा में काम करेंगे

बारिश ने मचाई तबाही- देखते ही देखते 25 लोग बह गए

जयपुर। राजस्थान में हुई मूसलाधार बारिश जमकर तबाही मची है। कई लोगों के घर गिर गए तो कई जगह वाहन भी बह गए। इससे भी ज्यादा दुखद ये हुआ कि 25 लोग देखते ही देखते बह गए। न उन्हे कोई पकड़ पाया और न ही सुरक्षित निकालने में कामयाब हो पाया।रविवार को जयपुर, भरतपुर, करौली और हिंडौन समेत कई इलाकों में हुई भारी बारिश के कारण 25 से ज्यादा लोग नदी, नालों और बांधों में बह गए। इससे उनकी मौत हो गई। मौसम विभाग ने आज दौसा, जयपुर, झुंझुनूं, करौली, सीकर, सवाई माधोपुर और टोंक में अतिभारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही 11 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। जयपुर समेत छह जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। दर्जनों लोग जहां पानी में बह गए वहीं हजारों लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर जाने से करोड़ों रुपये का नुकसान हो गया।

सड़क हादसा: पांच बोलबम कांवड़ तीर्थयात्रियों की मौत

एजेंसी

कोकराझार। असम के कोकराझार जिले के गोसाईगांव सब डिवीजन अंतर्गत चुगांव में आज सुबह सड़क हादसे में पांच बोलबम कांवड़ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर चोट आई है। इन लोगों को एक वाहन ने चपेट में लिया। चार लोगों की मौके पर और एक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।यह हादसा गोसाईगांव के कचुगांव महामाया मंदिर के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर हुआ। यह लोग पूजा करने के बाद अपने बोलेरो पिकअप में चढ़ रहे थे। तभी एक ट्रक ठोकर मारने के बाद रफूचक्कर हो गया।सूचना मिलते ही गोसाईगांव सब-डिविजन के पुलिस अधिकारी हिरण कुमार डेका और कचुगांव पुलिस के जवान घटनास्थल पर पहुंचे। शवों को कोकराझार भेजा गया है। घायल को पुलिस ने कचुगांव प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया है।

छह कांवड़ तीर्थयात्रियों की सड़क हादसे में मौत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में बागडोगरा के मुनि चाय बागान इलाके में सोमवार सुबह सड़क हादसे में छह कांवड़ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। यह हादसा 31 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। यह श्रद्धालु भगवान शंकर का जलाभिषेक करने के लिए पैदल जंगलीबाबा मंदिर जा रहे थे। रास्ते में एक बेकाबू कार ने इनको चपेट में ले लिया। हादसे में कुछ अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। श्रावण मास का अंतिम सोमवार होने के कारण बिहार के सुजापुर से बाबाधाम के तीर्थयात्रियों को लेकर आ रही कार के चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया।

इजराइल को मजबूत बना रहा अमेरिका

नई दिल्ली। हमास चीफ इस्माइल हानिया की हत्या के बाद इजरायल पर हमला करने को ईरान बेताब है। इजरायल पर चौतरफा हमले का खतरा मंडरा रहा है। एक ओर ईरान तो दूसरी ओर हिजबुल्लाह। दोनों मिलकर इजरायल पर हमला कर सकते हैं। यही वजह है कि अब अपने दोस्त इजरायल की रक्षा करने के लिए अमेरिका ने अपनी बड़ी चाल चल दी है। इजरायल और ईरान में बढ़ते तवान के बीच अमेरिका ने अपनी मिसाइल सबमरीन को मिडिल ईस्ट में तैनात करने का फैसला किया है। माना जा रहा है कि मिडिल ईस्ट में इजरायल के दुश्मनों के लिए यह एक तरह से संदेश है कि इजरायल अकेला नहीं है। उसके साथ दुनिया का सुपरपावर अमेरिका खड़ा है।

हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन से चार एनएच सहित 338 सड़कें बंद, पांच जिलों में बाढ़ का अलर्ट

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मानसून के लगातार सक्रिय होने से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लगातार हो रही वर्षा के चलते नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है और जगह-जगह भूस्खलन हुआ है, जिससे राज्य के 12 में से 10 जिलों में चार राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 338 सड़कें बाधित हैं। इसके अलावा 488 बिजली ट्रांसफार्मर व 116 पेयजल परियोजनाएं प्रभावित होने से राज्य के कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति बंद हो गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान पांच जिलों में बाढ़ की चेतावनी दी है।राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार सोमवार सुबह तक प्रदेश में भूस्खलन से चार राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 338 सड़कें अवरुद्ध हैं। शिमला जिला में सबसे ज्यादा 104 सड़कें अवरुद्ध हैं। मंडी जिला में 71, सिरमौर में 58, चंबा में 55, सोलन व लाहौल-स्पीति में सात-सात, सोलन में सात, किन्नौर में पांच, कांगड़ा में चार, बिलासपुर में एक सड़क बंद हैं। मंडी जिला में दो नेशनल हाइवे (एनएच-21 व एनएच-70), कुल्लू में एनएच-305 और किन्नौर में एनएच-05 अवरुद्ध हैं।

तुर्किये ने इंस्टाग्राम पर लगाया बैन हटाया

एजेंसी

अंकारा। तुर्किये ने इंस्टाग्राम पर लगा बैन हटा लिया है। देश के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्राधिकरण ने दो अगस्त को बिना कोई कारण बताए इंस्टाग्राम को प्रतिबंधित कर दिया था। बाद में सरकारी अधिकारियों ने कहा था कि बैन इसलिए लगाया गया, क्योंकि सोशल मीडिया मंच तुर्किये कानूनों का पालन करने में विफल रहा है। तुर्किये के परिवहन और बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुलकादिर उरालोग्लू ने एक्स पर पोस्ट में लिखा-इंस्टाग्राम के अधिकारियों के साथ बातचीत में हमें आश्वासन दिया गया कि हमारा अनुरोध वह स्वीकार करेंगे। खासतौर पर आपराधिक गतिविधियों से संबंधित अनुरोध। हमसे वादा किया गया है कि हम उपयोगकताओं को सेंसर करने के उपायों पर मिलकर काम करेंगे। उरालोगलू ने एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए बताया कि इंस्टाग्राम तुर्किये के कानून का अनुपालन सुनिश्चित करेगा और जिन मामलों में कानून का उल्लंघन किया गया है, उनमें प्रभावी हस्तक्षेप करेगा।मंत्री उरालोग्लू ने कहा कि आतंकवादी संगठनों से जुड़े सभी अकाउंट पर बैन लगाया जाएगा और पीकेके, पीवाईडी और एफईटीओ समेत ऐसे सभी संगठनों के एजेंडे को बढ़ावा देने वाली सामग्री हटा दी जाएगी। पीकेके (कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी) प्रतिबंधित संगठन है, जिसने दक्षिण-पूर्वी तुर्किये में एक स्वायत्त क्षेत्र स्थापित करने के लिए तुर्किये में दशकों से विद्रोह छेड़ रखा है।

भारतीय विदेश सचिव ने उप प्रधानमंत्रियों विदेश और गृह मंत्री से की मुलाकात

एजेंसी

काठमांडू। दो दिनों के नेपाल भ्रमण पर रहे भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने काठमांडू में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के अलावा चार महत्वपूर्ण मंत्रियों से मुलाकात की है। मिस्री ने सोमवार को नेपाल के दोनों उप प्रधानमंत्री प्रकाशमान सिंह और विष्णु पौडेल से मुलाकात की है। इनमें प्रकाशमान सिंह शहरी विकास मंत्रालय में हैं जबकि पौडेल के पास वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी है। इसके अलावा उन्होंने विदेश मंत्री डा आरजू राणा देउवा और गृहमंत्री रमेश लेखक से भी मुलाकात की है। मिस्री ने आज सुबह उप प्रधानमंत्री तथा शहरी विकास मंत्री प्रकाशमान सिंह से मुलाकात की। मिस्री ने उपप्रधानमंत्री को उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामना दी और उनके मंत्रालय के कामों में भारत सरकार की ओर से सहयोग का आश्वासन दिया। प्रकाशमान सिंह ने कहा कि विदेश सचिव के साथ शहरी विकास, वेस्ट मैनेजमेंट, बागमती और विष्णुमती नदी की सफाई के बारे में बातचीत हुई और इस पर नेपालझभारत मिल कर आगे बढ़ेंगे। इसी तरह विदेश सचिव ने दूसरे उप प्रधानमंत्री तथा वित्त मंत्री विष्णु पौडेल से उनके दफ्तर में मुलाकात की।

सत्ता में बने रहने के लिए युद्ध नहीं रोक रहे हैं नेतन्याहु

● इजराइल के 72 फीसदी नागरिक मांग रहे हैं इस्तीफा

एजेंसी

इजरायल। इजराइल के नागरिकों में प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है। इजराइल के 72 फीसदी नागरिक प्रधानमंत्री नेतन्याहू से इस्तीफा मांग रहे हैं। इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक का कहना है। नेतन्याहू इजराइल की सत्ता में बने रहने के लिए हमास पर हमले जारी रखे हुए हैं। जबकि इजरायल की जनता युद्ध रोकने की मांग कर रही है। अमेरिका सहित कई अंतरराष्ट्रीय संगठनो ने युद्ध रोकने के लिए कहा है। किंतु वह किसी की भी नहीं सुन रहे हैं। इजराइल के खिलाफ लगातार गुस्सा बढ़ता जा रहा है। इजरायल की जनता कह रही है, या तो तुरंत युद्ध बंद करें,या अपना इस्तीफा दे दे। इजरायल की जनता अब यह मान रही है, कि वह अपने व्यक्तिगत और राजनीतिक हितों को ध्यान में रखते हुए इजराइल में शांति नहीं लाना चाहते हैं। इजराइल और हमास युद्ध मे इजरायल की जनता काफी परेशान है। अब वह शांति चाहती है।

ट्रंप की चुनाव प्रचार टीम का आरोप, ईरान के हैकर कर रहे ई-मेल हैक

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव प्रचार अभियान की कमान संभाल रही टीम ने कहा कि उनके ई-मेल हैक किए गए हैं। टीम ने दावा किया कि ईरान के कुछ लोग इन संवेदनशील आंतरिक दस्तावेज चुराने और उनके प्रसार में शामिल हैं। टीम ने ईरान के इसमें शामिल का कोई सबूत नहीं दिया है, लेकिन उसका दावा माइक्रोसॉफ्ट की ओर से एक रिपोर्ट जारी किए जाने के बाद आया है। रिपोर्ट में 2024 में अमेरिकी अभियान में हस्तक्षेप करने के विदेशी एजेंटों के प्रयासों का विवरण दिया गया है। ट्रम्प के चुनाव प्रचार अभियान के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने हैकिंग के लिए अमेरिका के लिए दुश्मनी रखने वाले विदेशी स्त्रोतोंह्न को जिम्मेदार बताया है। एक प्रवक्ता ने कहा कि परिषद ने अनुचित विदेशी हस्तक्षेप की रिपोर्ट को ह्यबेहद गंभीरता सेह्न लिया है और वह अमेरिकी लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को कम करने का प्रयास करने वाली संस्था की निंदा करती है। इसके साथ उन्होंने कहा कि इस मामले को न्याय विभाग पर छोड़ दिया गया है।

रोहिंग्या मुसलमानों पर ड्रोन और तोपों से हमला, 200 की मौत

एजेंसी

नई दिल्ली/ढाका। बांग्लादेश में भारी उथल-पुथल के बीच रोहिंग्या मुसलमानों पर म्यांमार के रखाइन राज्य में हुए हमले में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। यह हमला म्यांमार और बांग्लादेश की सीमा पर रखाइन प्रांत में उस समय हुआ जब रोहिंग्या मुसलमान बांग्लादेश में घुसने की कोशिश कर रहे थे। जीवित बचे लोगों से इस हमले के बारे में पूछा तो उन्होंने इसके लिए अराकन आर्मी को जिम्मेदार बताया है। अराकन आर्मी म्यांमार में राखीन जातीय समूह की सैन्य शाखा की एक सैन्य शाखा है. हालांकि इस आर्मी ने हमले की किसी भी तरह की जिम्मेदारी से इनकार किया है। ये हमला तब हुआ जब कुछ रोहिंग्या मुसलमान बांग्लादेश की सीमा से सटे इलाके में एक नदी के पास नाव का इंतजार कर रहे थे. ये हमला म्यांमार के पश्चिमी रखाइन राज्य में बांग्लादेश की सीमा के पास हुआ है. लोग बचने के लिए सीधे नदी में कूद गए. ये लोग बांग्लादेश में नफ नदी पार करके माउंगडॉ शहर में भीषण लड़ाई से भागने की कोशिश कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा सहायता समूह, डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा शुक्रवार, 9 अगस्त को जारी एक बयान में कहा गया है कि वह रोहिंग्या मुसलमानों पर हुए हमलों के बाद उनका इलाज कर रही है और चोटिल लोगों की तादाद लगातार बढ़ रही है. जिनका इलाज चल रहा है वे वैसे लोग हैं जो बांग्लादेश की सीमा पार करने में कामयाब रहे हैं। अराकान आर्मी ने नवंबर, 2023 में अपना राखीन आक्रमण शुरू किया और पड़ोसी चिन राज्य में एक सहित 17 टाउनशिप में से नौ पर नियंत्रण हासिल कर लिया है. वह जून से ही सीमावर्ती शहर माउंगडॉ पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। 2017 में, एक सैन्य आतंकवाद विरोधी अभियान में रोहिंग्या समुदाय के कम से कम 740,000 लोगों को सुरक्षा के लिए बांग्लादेश भेज दिया था।

महिला व बाल विकास सम्बन्धी उप समिति ने कलेक्ट्रेट विभागीय योजनाओं की ली जानकारी

समाज की प्रगति में बेटियों की भूमिका अहम

मीरजापुर। शासन द्वारा गठित उत्तर प्रदेश विधान मंडल की महिला एवं बाल विकास संबंधित संयुक्त सचिव समिति (वर्ष 2022-23) की द्वितीय उप समिति नीलिमा कटियार, सदस्य सलोना कुशवाहा, मनोज कुमार प्रजापति, बाबू लाल कुशवाहा एवं रमा निरंजन के जनपद भ्रमण, निरीक्षण, बैठक एवं विभागीय कार्यक्रम आयोजन के दृष्टिगत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम जिला महिला अस्पताल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप समिति सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। एक सप्ताह में जन्मी नवजात बच्चियों के हाथ से केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर 25 नवजात बच्चियों को उपहार स्वरूप एक बेबी कीट,एक बेबी बेड, प्रशस्ति पत्र सहित बच्ची की माता को दो सेनेटरी नैपकिन सेट वितरण किया गया। इस दौरान समिति सदस्यों द्वारा आम जन मानस व अभिभावक को यह संदेश दिये गया कि बधाई हो आपके घर बिटिया ने जन्म लिया क्योंकी समाज की प्रगति में बेटियों कि अहम भूमिका है समाज में कलंक के रूप में व्याप्त भुर्ण हत्या, बाल विवाह, बाल व्यापार, बाल शोषण आदि से रोकथाम उद्देश्य से उतर प्रदेश सरकार कि कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम एक नूतन पहल है जिससे प्रति जन मानस हर वर्ग, हर जाति के लोग बालिका सुरक्षा व संरक्षण को ध्यान दें व बालिकाओं का सम्मान करें एक पहल अभिभावक से ही शुरू होनी चाहिए। कार्यक्रम संचालन कर रही जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत सत्र 2024-25 से 25000 रुपए छः चरणों में एक महिला के दो प्रसव होने पर वह भी बालिका को दिया जाएगा साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पांशिप योजना, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना पर जानकारी दी गई।

बांग्लादेश के नए चीफ यूनुस को मिला इनाम, 6 महीने की सजा माफ, भ्रष्टाचार के मामलों से बरी

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश में हिंसा की आग अभी ठंडी नहीं हुई है,लेकिन देश के नए मुखिया मोहम्मद यूनुस पर लगे भ्रष्टाचार के केस जरुर ठंडे हो गए और उन्हे ब-इज्जत बरी कर दिया गया है। किसी ने ठीक ही कहा है कि ह्यउसी का शहर, वही मुद्दई वही मुंसिफ, हमें यकीन था हमारा कुसूर निकलेगा । बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक ढाका की स्पेशन जज कोर्ट नंबर 4 के जज मोहम्मद रबीउल आलम ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें यूनुस के खिलाफ दर्ज केस वापस लेने की मांग की गई थी। इससे पहले सात अगस्त को ढाका की एक अदालत ने श्रम कानून उल्लंघन के एक मामले में भी यूनुस और उनकी कंपनी ग्रामीण टेलीकॉम के तीन टॉप अफसरों अशरफुल हसन, एम शाहजहां और नूरजहां बेगम को बरी कर दिया था। शेख हसीना के शासनकाल के दौरान 84 साल के यूनुस पर दर्जनों केस दर्ज किए गये थे। वहीं इस साल जनवरी में एक अदालत ने श्रम कानून उल्लंघन के आरोप में यूनुस को छह महीने जेल की सजा सुनाई थी।

खास खबर

वजन कम करने की जिम्मेदारी एथलीट और उसके कोच की: आईओए

नई दिल्ली । रविवार देर रात भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और जूडो जैसे खेलों में वजन कम करने की जिम्मेदारी एथलीटों और उनके कोचों पर डाली है। यह बयान खेल पंचाट न्यायालय में चल रहे मामले की पृष्ठभूमि में आया है, जो विनेश फोगाट की संयुक्त रजत पदक के लिए अपील पर विचार कर रहा है, क्योंकि स्वर्ण पदक मैच की सुबह वजन कम न कर पाने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। रविवार को जारी आईओए के बयान में कहा गया, स्कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और जूडो जैसे खेलों में एथलीटों के वजन प्रबंधन की जिम्मेदारी प्रत्येक एथलीट और उसके कोच की है, न कि आईओए द्वारा नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनशॉ पारदीवाला और उनकी टीम की। बयान में कहा गया, स्पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में ऐसे खेलों में प्रत्येक भारतीय एथलीट की अपनी सहायता टीम थी। ये सहायता टीमें कई वर्षों से एथलीटों के साथ काम कर रही हैं।स बयान में आगे बताया गया कि आईओए ने कुछ महीने पहले एक मेडिकल टीम नियुक्त की थी, जो मुख्य रूप से एथलीटों की प्रतियोगिता के दौरान और बाद में उनकी रिकवरी और चोट प्रबंधन में सहायता करेगी। इस टीम को उन एथलीटों की सहायता के लिए भी बनाया गया था जिनके पास पोषण विशेषज्ञों और फिजियोथेरेपिस्टों की अपनी टीम नहीं थी।

रजत पदक विजेता, नीरज ने कहा.. इस कमी को दूर करना मेरा लक्ष्य

नई दिल्ली । स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को उम्मीद है कि पेरिस ओलिंपिक में रजत पदक जीतने के बाद वह जल्द ही भारत में अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करता दिखूंगा। नीरज ने पेरिस में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर तक भाला फेंककर ओलिंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 88.54 मीटर के थ्रो से तीसरे स्थान पर रहे। नीरज ने कहा, भारत में अन्य अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ प्रतिस्पर्धा करना मेरा सपना है। उम्मीद है कि भारत में जल्द ही एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता होगी और मैं ऐसा कर पाऊंगा। टोक्यो में स्वर्ण के बाद पेरिस में रजत के साथ लगातार दूसरा ओलिंपिक पदक जीतने वाले नीरज ने कहा कि वह अपने खेल के कुछ क्षेत्रों पर काम करना चाहते हैं उन्होंने कहा, ह्यमैं अब एक नए सत्र में प्रवेश कर रहा हूं इसलिए मेरे पास ट्रेनिंग विधियों या तकनीक को बदलने के लिए इतना समय नहीं है। लेकिन मुझे कुछ क्षेत्रों में सुधार करने की उम्मीद है, खासकर भाला फेंकने की लाइन में। नीरज ने कहा, ह्यभाला फेंकने का सही कोण ताकि मुझे अपने थ्रो में अधिक शक्ति मिले। मैं निश्चित रूप से इस पर काम करूंगा।

एंथोनी स्टुअर्ट गेंदबाज का 12 दिन का रहा इंटरनेशनल करियर

नई दिल्ली । किस्मत के खेल अजीब होते हैं। कई खिलाड़ी हैं, जिन्हें खुद को स्थापित करने के लिए ढेरों मौके मिले लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए। दूसरी ओर, कुछ खिलाड़ी हैं, इंटरनेशनल क्रिकेट में जिनके हिस्से में गिने-चुके मौके आए। इन मौकों पर अपने प्रदर्शन से इन्होंने चमक भी बिखेरी लेकिन ज्यादा नहीं खेल सके। इसतरह ऑस्ट्रेलिया के एंथोनी स्टुअर्ट को इस कैटगरी में रखा जा सकता है। न्यू साउथ वेल्स के लंबे कद के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट का इंटरनेशनल करियर महज 12 दिन का रहा। इस दौरान उन्होंने अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ दिया। अपने आखिरी वनडे में उन्होंने हैट्रिक सहित 5 विकेट लेने के अलावा दो कैच भी लपके। वे प्लेयर ऑफ द मैच बने लेकिन फिर देश के लिए नहीं खेल सके। तीन वनडे के साथ ही उनके इंटरनेशनल करियर पर विराम लग गया। इसमें कोई शक नहीं हैं कि स्टुअर्ट को जितने भी मौके मिले, उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

रंगारंग कार्यक्रम, शानदार आतिशबाजी से हुआ पेरिस ओलंपिक का समापन

एजेंसी

पेरिस । पेरिस ओलंपिक 2024 रविवार (स्थानीय समयानुसार) को एक चमकदार, सितारों से सजे समापन समारोह के बाद शानदार तरीके से समाप्त हो गया। समारोह की शुरूआत एक क्लासिक संगीत प्रदर्शन के साथ हुई और फ्रांस के तैराक लियोन मार्चैंड एक लालटेन में ओलंपिक मशाल लेकर स्टेड डी फ्रांस पहुंचे, जहां समापन समारोह आयोजित किया जा रहा था। स्टेडियम के अंदर राष्ट्रों की परेड शुरू हुई, जिसमें हजारों की संख्या में मौजूद उत्साही प्रशंसक खुशी से झूम उठे। आईओसी शरणार्थी और ओलंपिक टीम तथा फ्रांस के ध्वजवाहकों ने इसका नेतृत्व किया। मनु भाकर, श्रीजेश ने किया भारतीय दल का नेतृत्व पेरिस खेल महाकुंभ में दो बार कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और अपने शानदार, क्लच गोलकीपिंग कौशल से ओलंपिक में भारत के लगातार दूसरे कांस्य पदक में अहम भूमिका निभाने वाले महान हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ध्वजवाहक के रूप में हाथों में भारतीय ध्वज लेकर स्टेडियम पहुंचे। ओलंपिक ने श्रीजेश का भारत के लिए अंतिम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट भी चिह्नित किया। स्टेडियम के अंदर, महिलाओं की मैराथन प्रतियोगिता के लिए ओलंपिक 2024 का अंतिम पदक समारोह आयोजित किया गया, जो पूर्ण लिंग समानता के साथ पहले ओलंपिक का समापन करने का एक शानदार और प्रतीकात्मक तरीका था। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक और विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने पदक विजेताओं को सम्मानित किया। लाइट शो और द गोल्डन वोएजर के प्रदर्शन ने जीता दर्शकों का दिल

समापन समारोह में एक आकर्षक लाइट शो और द गोल्डन वोएजर के प्रदर्शन ने प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जो फ्रांसीसी इतिहास के संदर्भों से प्रेरित एक पात्र है, जिसमें स्पिरिट ऑफ द बैस्टिल भी शामिल है। परंपरा के अनुसार, प्रदर्शन के दौरान ग्रीक ध्वज फहराया गया, जिससे लोगों को याद दिलाया गया कि बहु-खेल आयोजन की जड़ें ग्रीस में हैं, जिसने 1896 में एथेंस में पहली बार ओलंपिक की मेजबानी की थी। पियरे डी कुबर्टिन के नक्शेकदम पर चलते हुए, जिन्हें 'आधुनिक ओलंपिक के जनक' के रूप में भी जाना जाता है, गोल्डन वोएजर ने पिछले ओलंपिक के अवशेषों को खोदकर उनमें एक नया जीवन भरने का काम किया। शो के दौरान, खेलों की स्थापना और एकता और शांति के उनके मूल्यों को दर्शाने वाले कई प्रतीक खोजे गए। एक प्रभावशाली कोरियोग्राफ़्ड प्रदर्शन में, गोल्डन वोएजर ने ओलंपिक रिंग्स की खोज की और उन्हें स्टेडियम के ठीक बीच में हवा में लहराया गया। ये ओलंपिक रिंग्स पाँच महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो खेल आयोजन में शामिल हैं। प्रदर्शन के दौरान, फ्रांसीसी पियानोवादक और ओपेरा गायक बेंजामिन बर्नहेम ने 'हाइमन टू अपोलो' गाया, जबकि एलेन रोश ने हवा में लंबवत लटके हुए पियानो बजाया। इस शानदार प्रदर्शन के बाद, थॉमस मार्स, डेक डी'आर्सी, क्रिश्चियन माजालाई और लॉरेंट ब्रैंकोविट्ज से मिलकर बने फ्रांसीसी इंडी-रॉक बैंड फीनिक्स ने उपस्थित प्रशंसकों और एथलीटों के लिए एक के बाद एक धमाकेदार प्रस्तुतियाँ दीं। फ्रांसीसी इलेक्ट्रॉनिक कलाकार कैविंस्की ने रॉक बैंड के साथ अपना 'नाइटकॉल' भी प्रस्तुत किया। इन प्रदर्शनों के बाद, पेरिस 2024 आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी एस्टांगुएट ने भीड़ को संबोधित किया। मंच पर, उनके साथ पाँच महाद्वीपों और शरणार्थी ओलंपिक टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले छह एथलीट शामिल हुए। उनके साथ आईओसी के अध्यक्ष बाक भी थे। टोनी ने सभी एथलीटों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी और धन्यवाद दिया और कहा कि वे सभी 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के दौरान फिर से मिलेंगे। मंच पर मौजूद छह एथलीटों में -बॉक्सर सिंडी नगाम्बा (शरणार्थी ओलंपिक टीम कैमरून, कांस्य पदक), टेबल टेनिस खिलाड़ी सन यिंगशा (चीन, तीन स्वर्ण पदक, दो रजत पदक, एशिया का प्रतिनिधित्व करते हुए). मैराथन धावक एलिउड किपचोगे (केन्या, दो स्वर्ण पदक, एक रजत पदक, एक कांस्य पदक, अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करते हुए), टेडी रिनर (फ्रांस, पाँच स्वर्ण पदक, दो कांस्य पदक, यूरोप का प्रतिनिधित्व करते हुए), तैराक एम्मा मैककॉन (ऑस्ट्रेलिया, छह स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक, पाँच कांस्य पदक, ओशिनिया का प्रतिनिधित्व करते हुए) शामिल थे। समारोह में इन दिग्गज कलाकारों और एथलीटों ने भी दी प्रस्तुति समापन समारोह में ग्रैमी पुरस्कार विजेता आर एंड बी गायिका एच.ई.आर., महान अमेरिकी अभिनेता टॉम क्रूज, रेड हॉट चिली पेपर्स, रैपर स्नूप डॉग और रैपर-पहलवान मिजैन लोपेज (क्यूबा पाँच स्वर्ण पदक, अमेरिका का प्रतिनिधित्व करते हुए), जुडोका संगीत निमार्ता डॉ. ड्रे की प्रसिद्ध अमेरिकी हिप-हॉप जोड़ी, ओलंपियन केट कर्टनी (माउंटेन बाइक, 2020), माइकल जॉनसन (ट्रैक एंड फील्ड एथलेटिक्स, चार बार के ओलंपिक चैंपियन, 1992-2000) और जैगर ईटन (स्केटबोर्डिंग, दो बार के ओलंपिक पदक विजेता, 2020-2024) ने भी प्रस्तुति दी। बाक ने खेलों को आधिकारिक रूप से समाप्त घोषित किया समारोह के समापन के लिए, लियोन मार्चैंड ओलंपिक मशाल को हाथ में लेकर स्टेड डी फ्रांस पहुंचे और बाक ने खेलों को आधिकारिक रूप से समाप्त घोषित कर दिया। इसके बाद मार्चैंड ने मशाल को बुझा संयुक्त राज्य अमेरिका में इकट्ठा होने का आह्वान करता हूं, ताकि हम सभी के साथ 34वें ओलंपियाड के खेलों का जश्न मना सकें। समारोह का समापन फ्रांसीसी कलाकार यिसुल्ट द्वारा प्रसिद्ध फ्रैंक सिनात्रा के क्लासिक, 'माई वे' की व्याख्या के साथ हुआ, जो मूल रूप से एक फ्रांसीसी गीत, कॉम डी'हैबिट्यूड पर आधारित था। स्टेड डी फ्रांस में आतिशबाजी के साथ समारोह का शानदार समापन किया गया! रविवार को 40 स्वर्ण पदक, 44 रजत और 42 कांस्य पदक सहित

पेरिस ओलंपिक पदक तालिका : अमेरिका-चीन-जापान शीर्ष तीन में, भारत 06 पदकों के साथ 71वें स्थान पर

एजेंसी

नई दिल्ली । अमेरिका ने रविवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में 40 स्वर्ण पदक, 44 रजत और 42 कांस्य पदक सहित कुल 126 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर चीन रहा, जिसने 91 पदक जीते, इनमें 40 स्वर्ण, 27 रजत और 24 कांस्य पदक शामिल हैं। तीसरा स्थान पर 45 पदकों के साथ जापान रहा, जिसने 20 स्वर्ण, 12 रजत और 13 कांस्य पदक जीते। वहीं, भारतीय दल 6 पदकों के साथ 71वें स्थान पर रहा, जिसमें एक रजत पदक और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। 117 भारतीय एथलीटों के दल ने ओलंपिक 2024 में हिस्सा लिया था। मनु भाकर ने इन खेलों में भारत का पहला पदक जीता, कांस्य अर्जित किया और ओलंपिक निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल में एक और कांस्य के साथ एक ही ओलंपिक संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। सरबजोत के साथ उनका पदक निशानेबाजी में देश का पहला टीम पदक भी था। स्वप्निल कुसाले ने निशानेबाजी में

तीसरा पदक जीता, जो एक ही ओलंपिक में इस खेल में भारत का सबसे बड़ा पदक था। यह 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में भारत का पहला पदक था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पेरिस में कांस्य हासिल करके अपनी टोक्यो 2020 की सफलता को दोहराया। नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में रजत पदक जीतकर अपनी ओलंपिक विरासत को और बढ़ाया और भारत के सबसे सफल व्यक्तिगत ओलंपियन बन गए। अमन सेहरावत ने कुश्ती में कांस्य पदक जीतकर भारत के सबसे कम उम्र के ओलंपिक पदक विजेता बनकर इस पदक तालिका में अपना नाम जोड़ा। इन उपलब्धियों के बावजूद, भारत को पेरिस 2024 में बड़ी निराशाओं का सामना करना पड़ा। देश छह संभावित पदकों से चूक गया, जिसमें लक्ष्य सेन, मीराबाई चानू और मनु भाकर सहित एथलीट अपने इवेंट में चौथे स्थान पर रहे, जो तीसरा पदक हासिल करने के करीब थे। साथ ही, धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भक्त की मिश्रित टीम तीरंदाजी भारत के लिए पदक नहीं जीत सकी, कांस्य पदक मैच हार गई। लेकिन तीरंदाजों ने ओलंपिक पदक मैच में पहुंचने वाले भारत के पहले तीरंदाज बनकर इतिहास रच दिया। बाक ने कहा, ह्यपरंपरा के अनुसार, मैं दुनिया के युवाओं से चार साल बाद लॉस एंजिल्स, कुल 126 पदकों के साथ यूएसए पेरिस ओलंपिक 2024 की पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।

17 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

एजेंसी

फिरोजाबाद । आगरा जोन में 17 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने इसका आरम्भ किया। प्रथम दिन पर जनपद अलीगढ़ एवं जनपद आगरा के मध्य फुटबॉल मैच खेला गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने बताया कि 17 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता में आगरा कमिश्नरेट सहित जोन के कुल आठ जनपदों की पुलिस टीम हिस्सा ले रही है। फुटबॉल प्रतियोगिता में आठ जनपदों में से जिस भी जनपद की टीम विजयी होगी,वह यूपी स्टेट लेवल पर मैच खेलने जाएगी।

मदर इंटरनेशनल का सामना बांग्लादेश की क्रीरा शिक्षा प्रोतिष्ठान से

एजेंसी

नई दिल्ली । मदर इंटरनेशनल स्कूल, रांची, झारखंड मंगलवार को यहां अंबेडकर स्टेडियम में खेले जाने वाले 63वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में बांग्लादेश क्रीरा शिखा प्रोतिष्ठान (बीकेएसपी) से भिड़ेगा। आज तेजस फुटबॉल ग्राउंड में खेले गए सेमीफाइनल में मदर इंटरनेशनल ने पिछले साल के उपविजेता जीएसएसएस, अलखपुरा, हरियाणा को एक रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में 4-2 मात दी, जबकि बांग्लादेश क्रीरा शिखा प्रोतिष्ठान ने मणिपुर के पोरोमपत सबल लीकाई हाई स्कूल को मीरा खातून की एकमात्र गोल की बदौलत हराया। पहले

सेमीफाइनल में, मदर इंटरनेशनल ने कब्जे में बढ़त बनाए रखी और अंडर -19 भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बबीता कुमारी और ललिता बॉयपाई ने मिडफील्ड को नियंत्रित किया। लेफ्ट-बैक क्रांति उरांव विशेष रूप से प्रभावशाली रहीं, जिन्होंने विनियमन समय में स्कोर करने के लिए सबसे अधिक प्रयास किए। हरियाणा की टीम डिफेंस में मजबूती से डटी रही और गोलकीपर अंकुश के कुछ शानदार बचावों की बदौलत खेल को शूटआउट तक खींचने में सफल रही। शूटआउट में, मदर इंटरनेशनल की गोलकीपर अनीशा उरांव ने दो सेव किए, जबकि झारखंड की टीम ने अपनी सभी स्पॉट किक्स को गोल में बदल कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। दूसरे सेमीफाइनल में, बांग्लादेश केएसपी ने शुरूआत में बढ़त बना ली, जब मीरा खातून ने ऊपर से एक थ्रू बॉल प्राप्त की और मणिपुर के गोलकीपर को मात देकर गोल कर दिया, जो अंततः निर्णायक साबित हुआ। मणिपुर स्कूल अपने बराबरी के मौके को भुनाने में असफल रहा, क्योंकि बीकेएसपी ने अपने एक गोल की बढ़त को मैच के शेष समय तक बरकरार रखा।

दिल्ली प्रीमियर लीग मिनी आईपीएल की तरह होगी: आयुष बडोनी

एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) द्वारा 17 अगस्त से 8 सितंबर तक होने वाले दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के लिए खेलने वाले मार्की खिलाड़ी आयुष बडोनी ने कहा कि यह टूर्नामेंट एक मिनी इंडियन प्रीमियर लीग की तरह होगा। यह लीग नई दिल्ली के श्री अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। अब तक 62 टी20 मैचों में 977 रन बना चुके बडोनी ने कहा, दिल्ली प्रीमियर लीग खिलाड़ियों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगी। मेरे



लिए यह मिनी आईपीएल की तरह होगा। इस तरह के मैच खेलने से हमेशा आत्मविश्वास बढ़ता है; इससे मुझे और दिल्ली के क्रिकेटरों को बेहतरीन अनुभव मिलेगा। स्टार खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने की संभावना पर 24 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा, दिल्ली के खिलाड़ी अपने आक्रामक क्रिकेट के लिए जाने जाते हैं।

बांग्लादेश टेस्ट टीम में तस्कीन अहमद की वापसी

एजेंसी

ढाका । बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम में तस्कीन अहमद को शामिल किया। टेस्ट श्रृंखला 21 अगस्त से रावलपिंडी में शुरू होने वाली है। तस्कीन, जिन्होंने आखिरी बार जून 2023 में टेस्ट खेला था, ने कंधे की चोट के बाद अपनी रिकवरी को प्राथमिकता देने के लिए लाल गेंद वाले क्रिकेट से ब्रेक लिया था, और हाल ही में लाल गेंद वाले क्रिकेट में खेलना चाहते थे। बीसीबी ने जोर देकर कहा कि वह लंबे समय तक क्रिकेट खेलने में सक्षम हैं। तेज गेंदबाज के चयन पर राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष गाजी अशरफ हुसैन ने कहा, ह्यमने पांच तेज गेंदबाजों का चयन किया है, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि तस्कीन अहमद केवल दूसरा टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल जून से कोई टेस्ट नहीं खेला है और हमने उन्हें पाकिस्तान ए के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए 'ए' टीम में शामिल करने का फैसला किया है ताकि उन्हें लंबे समय तक चलने वाले मैचों के लिए लय में लाया जा सके। उन्होंने कहा, ह्इसके अलावा, कुछ तेज गेंदबाज ए क दिवसीय मैचों के लिए ए टीम में शामिल हो सकते हैं, इसलिए हमें बैकअप की आवश्यकता थी। हमारे आक्रमण में विविधता है, जिसमें ऐसे गेंदबाज हैं जो तेज गेंदबाजी कर सकते हैं और गेंद को स्विंग भी करा सकते हैं और मैं वास्तव में उन्हें विश्व स्तरीय बल्लेबाजों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं। बांग्लादेश ए टीम वर्तमान में पाकिस्तान में एक श्रृंखला खेल रही है जिसमें दो चार दिवसीय खेल और तीन एक दिवसीय मैच शामिल हैं। बांग्लादेश की टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दो मैचों के लिए 12 अगस्त को पाकिस्तान के लिए रवाना होगी।

मुरादाबाद जोन से 9 खिलाड़ी ट्रायल देने जाएंगी : विजय गुप्ता

मुरादाबाद । डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता ने सोमवार को बताया कि 15 वर्ष से कम आयु की महिला खिलाड़ियों का उत्तर प्रदेश महिला क्रिकेट टीम अंडर-15 हेतु चयन 16 व 17 अगस्त को कमला क्लब कानपुर में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा किया जाएगा। इसमें मुरादाबाद जोन से 9 खिलाड़ी ट्रायल देने जाएंगी। विजय गुप्ता ने आगे बताया कि यूपीसीए द्वारा यूपी गर्ल्स क्रिकेट टीम अंडर 15 ट्रायल हेतु मुरादाबाद जोन से अल्फिशा, सलोनी रावत, लवी पाल, वैष्णवी, अंशिका राजपूत, वर्णवी, ईशिका, रश्मि चौहान और अंशिका ट्रायल देंगी।

बुमराह, पांड्या को छोड़कर अन्य अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के खेलने की उम्मीद

एजेंसी

नई दिल्ली : कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) भारत के घरेलू क्रिकेट सत्र के उद्घाटन मैच की मेजबानी करेगा, जिसमें दलीप ट्रॉफी खेल शामिल है। केएससीए ने पुष्टि की है कि बेंगलुरु का चिन्नास्वामी स्टेडियम 5 सितंबर से शुरू होने वाले छह चार दिवसीय रेड-बॉल मैचों में से पहले मैच का स्थल होगा। हालाँकि आंध्र प्रदेश का अनंतपुर बहु-दिवसीय टूर्नामेंट के लिए निर्धारित स्थल है, लेकिन इस विशेष खेल को बेंगलुरु में स्थानांतरित कर दिया गया है। केएससीए के एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया, ह्यह निर्णय भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुरोध पर लिया गया है। हम

चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच की मेजबानी करने के लिए सहमत हो गए हैं। स्थल परिवर्तन बीसीसीआई के उस निर्णय को दशार्ता है जिसमें 18 सितंबर से शुरू होने वाली बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज से पहले चार टीमों की दलीप ट्रॉफी में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को छोड़कर शीर्ष खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने का निर्देश दिया गया है। केएल राहुल, शुभमन गिल, आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल सहित अधिकांश अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के आंशिक या पूर्ण रूप से भाग लेने की उम्मीद है। रोहित शर्मा और विराट कोहली को भाग लेने या न लेने का विकल्प दिया गया है। शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में से एकमात्र उल्लेखनीय अनुपस्थित हार्दिक पांड्या के होने की उम्मीद है, जिन्होंने लाल गेंद से क्रिकेट खेलना बंद कर दिया है। हालांकि, चयनकर्ताओं से उम्मीद की जा रही है कि वे चार टीमों में से एक में ईशान किशन को शामिल करेंगे।

टीम साउथी आगामी उपमहाद्वीपीय टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाएंगे

एजेंसी

वेलिंगटन । न्यूजीलैंड के टेस्ट कप्तान टिम साउथी को उपमहाद्वीप में टीम के कुछ आगामी मैचों से बाहर रखा जा सकता है। साउथी अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम की अगुआई करेंगे, जिसमें पांच स्पिन गेंदबाजी विकल्प शामिल हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार दोनों मैच गाले में खेले जाएंगे, लेकिन उनका इन सभी मैचों या भारत के खिलाफ होने वाले तीन टेस्ट मैचों में खेलना तय नहीं है। पिछले सीजन में चार घरेलू टेस्ट मैचों में केवल छह विकेट लेने वाले साउथी अगर इलेवन का हिस्सा नहीं होंगे तो उप-कप्तान टॉम लैथम टीम की कप्तानी करेंगे। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, उपमहाद्वीप के टेस्ट दौरे पर पिचों की प्रकृति और गर्मी तथा आर्द्रता के कारण तेज गेंदबाजों से कुछ कठिन सवाल पूछे जा सकते हैं। जबकि हम खुले दिमाग से परिस्थितियों पर विचार कर रहे हैं, यह समझ है कि विभिन्न टेस्ट मैचों में हमारे साथी गेंदबाजी

विकल्पों की आवश्यकता हो सकती है। टिम और मैंने इस पर चर्चा की है, और इन विदेशी दौरों के दौरान तेज गेंदबाजों के कार्यभार को संतुलित करने की आवश्यकता है, जिसमें वह स्वयं भी शामिल हैं, ताकि टीम को सर्वश्रेष्ठ सेवा मिल सके । सोमवार को घोषित टीम में अक्टूबर और नवंबर में भारत के साथ होने वाली सीरीज शामिल नहीं है, लेकिन संभावना है कि खिलाड़ियों का एक बहुत ही समान समूह इसमें शामिल होगा। इस बात पर कुछ संदेह था कि केन विलियमसन अफगानिस्तान टेस्ट खेलेंगे या नहीं, जो ग्रेटर नोडिया में आयोजित किया जाएगा, लेकिन उन्हें पहली बार शामिल किया गया है जब दोनों टीमें इस प्रारूप में एक-दूसरे के साथ खेलेंगी। ऑफ स्पिन ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल 18 महीने बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं। एजाज पटेल और मिशेल सेंटनर को भी शामिल किया गया है, जबकि रचिन रवींद्र और ग्लेन फिलिप्स गेंद के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। साउथी के अलावा, मैट हेनरी, बेन सियर्स और विल ओ'रूर्के भी तेज गेंदबाजी के विकल्प हैं। पिछले सीजन में अपने टेस्ट डेब्यू पर बाद के दो खिलाड़ियों ने प्रभावित किया था, जबकि हेनरी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों में 17 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। काइल जैमीसन पर विचार नहीं किया गया क्योंकि वह पीठ के तनाव फ्रैक्चर से उबर रहे हैं। स्टीड ने कहा, ह्यह हमेशा शानदार होता है जब युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन के दम पर टीम में जगह बनाते हैं और मुझे पता है कि विल और बेन उपमहाद्वीप में टेस्ट क्रिकेट की चुनौतियों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। माइकल को अपनी चोटों से उबरने और तीनों प्रारूपों में ब्लैककैप्स में वापसी करने के लिए काफी लचीलापन दिखाना पड़ा। उनके हरफनमौला कौशल और बाएं हाथ के बल्लेबाज से गेंद छीनने की क्षमता उन्हें एक बेहतरीन खिलाड़ी बनाती है, खासकर भारत और श्रीलंका में टर्निंग विकेटों पर। सकलैन मुश्ताक तीन टेस्ट मैचों के लिए गेंदबाजी कोच के रूप में न्यूजीलैंड से जुड़ेंगे।

महिलाओं की फ्री स्टाइल कुश्ती में भाग लेती हुई अमेरिका और रोमानिया की खिलाड़ी।

क्या टी-सीरीज की फिल्म में नजर आने वाले हैं सना मकबूल और नैजी?



बिग बॉस ओटीटी 3 खत्म हो चुका है। लेकिन, इसके प्रतिभागी खूब लाइमलाइट में हैं। रैपर नैजी ने भी इस बार रिलयलिटी शो में हिस्सा लिया। शो के फाइनल मुकाबले में भी उन्होंने जगह बनाई। हालांकि, ट्रॉफी पर सना मकबूल का कब्जा रहा। शो में नैजी ने दर्शकों का काफी मनोरंजन किया। दर्शकों को उनका शांत स्वभाव काफी पसंद आया। नैजी अब चाहते हैं कि उनके जीवन पर फिल्म बने।

जताई गली बॉय 2 की इच्छा

नैजी का एक वीडियो आज बुधवार को विरल भियानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया है। इसमें नैजी से पैपराजी पूछते नजर आ रहे हैं, पहले गली बॉय तो बन गई, लेकिन अब ये वाले स्ट्रगल पर भी एक मूवी बननी चाहिए। इस पर नैजी ने कहा, हां बननी चाहिए। तुम लोग अपील करो पब्लिक से। बॉलीवुड के निर्देशकों से कहो कि नैजी भाई के ऊपर फिल्म बनाओ। बता दें कि फिल्म गली बॉय नैजी के जीवन पर आधारित है। बिग बॉस के घर में रहते हुए नैजी ने भी इस बात का जिक्र किया था।

मूवी बनाने वाले कॉन्टैक्ट करें

इसके बाद पैपराजी ने पूछा, भाई स्ट्रेस लग रहा है। काम बहुत ज्यादा है? इस पर नैजी ने कहा, काम ही काम है। लेकिन, स्ट्रेस नहीं होता अपने को, काम कितना भी हो अपुन हार्डवर्किंग है। मेहनती है और बहुत फोकस होकर काम करता हूं। इसके बाद नैजी ने फिर बात दोहराई कि अगर किसी को मूवी बनाना है तो कॉन्टैक्ट करो फटाफट।

बोले- तैयार रहो पब्लिक

इसके बाद पैपराजी ने पूछा कि उस दिन टी-सीरीज में आप और सना जी आए थे। तो कुछ कर रहा है क्या टी-सीरीज। इस पर नैजी ने कहा, कुछ होगा धमाका। तैयार रहो पब्लिक। मालूम हो कि हाल ही में सना मकबूल को टी सीरीज के ऑफिस के बाहर देखा गया। फिल्म गली बॉय की बात करें तो यह फिल्म वर्ष 2019 में आई थी। इसका निर्देशन जोया अख्तर ने किया था। फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अहम भूमिका में नजर आए।

फिल्मी और असल प्यार के बीच लकीर नहीं खींच पाती

दबंग 3 से अपना बॉलिवुड करियर शुरू करने वाली एक्ट्रेस सई मांजरेकर इन दिनों अपनी नई फिल्म औरों में कहां दम था के लिए चर्चा में हैं। जाने-माने निर्देशक महेश मांजरेकर की बेटी सई के मुताबिक, अभी वे अपने करियर के उस स्टेज पर हैं, जहां वह अपनी नींव मजबूत करने में जुटी हुई हैं।

फिल्ममेकर महेश मांजरेकर की बेटी होने के नाते आपने फिल्मी माहौल बचपन से देखा है। इस दुनिया के उतार-चढ़ाव भी देखे हैं। इस अनुभव का आपको अपने करियर में कितना फायदा हुआ?

जैसा आपने कहा, इसकी सबसे अच्छी बात यह रही कि मुझे इस इंडस्ट्री के अच्छे-बुरे सभी पहलू काफी पहले समझ में आ गए। जैसे असफलता है, मुझे यह क्लैरिटी शुरू से रही कि यहां आपकी सफलता और असफलता हर शुक्रवार तय होती है। ऐसे में, आप असफलताओं के लिए भी बचपन से तैयार रहते हैं। आपको पता होता है कि यहां केवल ग्लैमर और चमक दमक नहीं है। इसका एक अलग पक्ष भी होता है जिसे अगर आप ये इंडस्ट्री चुनते हो तो आपको एक्सेप्ट करना पड़ेगा। मुझे यह समझ बचपन से थी और मुझे लगता है कि अच्छा रहा कि मैंने यह बात जल्द ही एक्सेप्ट कर ली।

अपने अभी तक के सफर को कैसे देखती हैं? एक कलाकार के तौर पर खुद को बेहतर करने के लिए क्या कर रही हैं?

कोशिश तो वही जारी है कि खुद को बेहतर बनाऊं, इंप्रूव करूं। मुझे लगता है कि अभी तो ये मेरी शुरुआत है। मुझे बहुत कुछ करना है। अभी तो मैं अपनी नींव जमाने की ही कोशिश कर रही हूं। अभी उस पर कोई इमारत नहीं बनी है, क्योंकि मेरा मानना है कि नींव मजबूत होना सबसे जरूरी है। उसके बाद सही फिल्में, सही कहानी, सही रोल वगैरह चुनने से आगे का रास्ता तय होगा और वही करने में लगी हुई हूं।

यह फिल्म एक लव स्टोरी है, आपके लिए इश्क के मायने क्या है?

यह जिंदगी के लिए सबसे अहम चीज है। मेरे हिसाब से प्यार के बिना आप एक संपूर्ण जिंदगी नहीं जी सकते, वह प्यार पैरंट्स, परिवार, पति, वाइफ जिसके लिए भी हो, वो जो अहसास होता है, उसमें जो सुकून और आराम होता है, वह अलग ही होता है। मसलन, जैसे आप बाहर जाते हैं और बीस दिन दाल-चावल नहीं खाते हैं, फिर घर आकर दाल-चावल खाने में वो खुशी मिलती है, वह अहसास अगर आप उस इंसान के साथ महसूस करते हैं तो मेरे हिसाब से वो प्यार है। वैसे, मैंने प्यार के बारे में जो कुछ भी सीखा है, वो फिल्मों से ही सीखा है। इस वजह से कई बार ऐसा भी होता है कि मैं दूसरे इंसान से बहुत ज्यादा ही उम्मीद कर लेती हूं, क्योंकि फिल्मों में आप ये सब रोमांटिक चीजें देखते हैं, जो रियल लाइफ में होता नहीं है। इसलिए, मुझे वो फिल्मी प्यार और रियल लाइफ में वो एक लाइन खींचनी सीखनी है।

फिल्म में अजय देवगन और तब्बू जैसे मंझे हुए कलाकारों के साथ काम करते हुए क्या कुछ सीखने को मिला?

ये दोनों ऐसे एक्टर्स हैं, जिन्हें काम करते देखकर ही आप बहुत कुछ सीखते हैं। जब वे कैमरे के सामने आते हैं, इतनी आसानी से अपने किरदार को निभाते हैं कि उन्हें देखना बहुत ही इंस्पायरिंग होता है। दुर्भाग्य से हमें शूटिंग के दौरान साथ में बहुत ज्यादा वक्त नहीं मिला लेकिन बाद में प्रमोशन के हमारी जो बातचीत रही, वे दोनों बहुत ही प्यारे हैं। इतनी ऊंचाई पर पहुंचने के बाद भी इतने जमीनी हैं और विनम्र हैं जो मेरे लिए बहुत प्रेरणादायी था।

मुंज्या की सक्सेस से अभय वर्मा को हुआ फायदा

फिल्म मुंज्या की सक्सेस से एक्टर अभय वर्मा को काफी फायदा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें शाहरुख खान की अगली फिल्म किंग में अहम रोल मिल गया है। इस फिल्म में शाहरुख की बेटी सुहाना खान भी नजर आएंगी। अभय शाहरुख, सुहाना और अभिषेक बच्चन के साथ एक बेहद अहम रोल में दिखेंगे। सूत्रों के मुताबिक, अभय को मुंज्या में अपने परफॉर्मेंस के लिए काफी सराहना मिली है जिसके बाद उन्हें अच्छे रोल ऑफर किए जा रहे हैं। वो शाहरुख-सुहाना की फिल्म किंग में काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। मुंज्या की बात करें तो ये फिल्म जून में रिलीज हुई थी जिसमें अभय लीड रोल में थे। फिल्म सरप्राइज हिट थी और इसने सौ करोड़ का कलेक्शन किया था। फिल्म किंग के प्रोडक्शन के बारे में बात करें तो फिल्म की स्क्रिप्ट लॉक की जा चुकी है। साथ ही कास्टिंग का काम भी पूरा हो चुका है। मेकर्स ने शूटिंग की लोकेशन इंडिया और विदेश में भी तलाश ली है। पूरी स्टारकास्ट के साथ फिल्म की शूटिंग नवंबर 2024 में शुरू होने की संभावना है। इस फिल्म को शाहरुख अपने बैनर रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के तले प्रोड्यूस भी करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो प्री-प्रोडक्शन स्टेज पर चल रही इस फिल्म पर शाहरुख ने 200 करोड़ रुपए इन्वेस्ट किए हैं। सुहाना ने पिछले साल नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म द आर्चीज से ह्रअ्र डेब्यू किया था। फिल्म में वो वेरोनिका के रोल में नजर आई थीं।

आयुष्मान खुराना ने छोड़ी सनी देओल की बॉर्डर 2, किरदार से नाखुश थे

साल 1997 में रिलीज हुई मल्टीस्टारर फिल्म बॉर्डर एक जबरदस्त हिट रही थी, जिसकी सीक्वल फिल्म बॉर्डर 2 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस फिल्म में सनी देओल के साथ-साथ आयुष्मान खुराना के होने की भी खबरें थीं, हालांकि ताजा रिपोर्ट्स की मानें तो आयुष्मान खुराना ने फिल्म छोड़ने का फैसला कर लिया है। हाल ही में आई मिड-डे की रिपोर्ट के अनुसार, आयुष्मान खुराना अब बॉर्डर 2 में सनी देओल के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। फिल्म में आयुष्मान खुराना को आर्मी सोल्जर का रोल दिया गया था। इस कोलेबोरेशन से आयुष्मान खुराना और बॉर्डर 2 के मेकर्स बेहद खुश थे। हालांकि समय के साथ आयुष्मान खुराना को सनी देओल के साथ सपोर्टिंग रोल निभाने पर डाउट होने लगा। यही वजह है कि उन्होंने फिल्म छोड़ने का फैसला कर लिया है।

दिलजीत की हो सकती है फिल्म में एंट्री

रिपोर्ट्स ये भी हैं कि आयुष्मान खुराना के फिल्म से जाने के बाद अब उनकी जगह दिलजीत दोसांझ को दी जा सकती है। दिलजीत दोसांझ को फिल्म के मेकर्स की तरफ से ऑफर मिला है। फिल्म बॉर्डर की 27वीं सालगिरह पर जून 2024 में एक्टर सनी देओल ने बॉर्डर 2 की अनाउंसमेंट की थी। पोस्ट में उन्होंने लिखा, एक फौजी अपने 27 साल पुराने वादे को पूरा करने आ रहा है फिर से। इंडिया की सबसे बड़ी वॉर फिल्म बॉर्डर 2। सनी देओल ने बताया कि फिल्म को भूषण कुमार, कृष्णा कुमार, जे.पी.दत्ता और निधी दत्ता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं, जबकि इसे अनुराग सिंह डायरेक्ट करेंगे।

शैतान के सीक्वल की तैयारी में अजय देवगन, जल्द होगी घोषणा

अजय देवगन और आर माधवन स्टारर शैतान उन चंद बॉलीवुड फिल्मों में से एक थी, जिन्होंने साल की पहली छमाही में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। बता दें कि शैतान 2024 की तीसरी भारतीय फिल्म थी, जिसने फाइटर और हनुमान के बाद 100 करोड़ क्लब में एंट्री ली थी। काले जादू पर आधारित इस फिल्म का निर्देशन विकास बहल ने किया था। यह गुजराती फिल्म वश की ऑफिशियल रीमेक थी। वहीं, फिल्म की रिलीज के बाद से ही इसके सीक्वल को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। अब इन अटकलों पर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शैतान के सीक्वल शैतान 2 की तैयारी शुरू हो चुकी है। फिलहाल इसकी स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। यह जानकारी अजय देवगन की दो बैक-टू-बैक रिलीज फिल्मों मैदान और औरों में कहां दम था के खराब प्रदर्शन के बीच आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्क्रिप्ट फाइनल होते ही फिल्म की घोषणा कर दी जाएगी।

स्क्रिप्ट के चयन पर फोकस

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शैतान 2 की राइटिंग पर काम शुरू हो चुका है। एक बार स्क्रिप्ट तय हो जाने के बाद, अजय देवगन के साथ निर्माता यह तय करेंगे कि फिल्म कब फ्लोर पर आनी चाहिए। पहला भाग साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक था और इसे काफी सराहा गया था। इसलिए, वे स्पष्ट हैं कि वे स्क्रिप्ट को सही करने के लिए अपना समय लेंगे। उसके बाद ही वे आगे बढ़ेंगे। पिछले कुछ समय से शैतान 2 के बारे में खबरें आ रही हैं। कुछ लोगों ने तो यह भी तर्क दिया कि फिल्म के पहले भाग का अंत सुपरनैचुरल थ्रिलर की दूसरी किस्त के लिए तैयार है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर इस बारे में बात करते हुए निर्देशक विकास बहल ने कहा, फिल्म की शूटिंग 40 दिनों में पूरी हुई है। हमारे दिमाग में पार्ट 2 भी तैयार है।



आयरनमैन ट्रायथलॉन के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं सैयामी

बॉलीवुड अभिनेत्री सैयामी खेर आयरनमैन ट्रायथलॉन रेस की तैयारी में जुटी हुई हैं। अभिनेत्री इस दौड़ में भाग में लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो सितंबर में आयोजित की जाएगी। सैयामी इस रेस में भाग लेने वाली बॉलीवुड की पहली अभिनेत्री हैं। मगर सैयामी को इस बात की उम्मीद है कि इसमें भाग लेने वाली वो आखिरी एक्ट्रेस नहीं होगी।

आयरनमैन ट्रायथलॉन रेस को दुनिया की सबसे कठिन ट्रायथलॉन में से एक माना जाता है। इसमें स्विमिंग, साइकिल चलाना और दौड़ना एक के बाद एक कई चीजें शामिल हैं। सैयामी खेर ने हाल ही में इसे लेकर बात करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल उनकी शारीरिक क्षमताओं बल्कि मानसिक शक्ति का भी टेस्ट करेगी। उन्होंने कहा कि दौड़ में अभी 40 दिन बाकी हैं और वह इसे लेकर थोड़ी नर्वस हो रही हैं। सैयामी खेर ने कहा, मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। यह कुछ ऐसा है, जो मैं वास्तव में बहुत समय से करना चाहती थी। उन्हें रेस, स्विमिंग और साइकिल चलाने में बेहतर होने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने कहा, मुझे तीनों में ही अच्छी तरह से ट्रेनिंग लेने की आवश्यकता है। पिछले साल जून में इटली में मेरा साइकिल चलाने में एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद लगभग आठ महीने तक मैंने कुछ भी नहीं किया। क्योंकि मैं मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थी। इस साल फरवरी में मैंने रेस के लिए ट्रेनिंग ली। यह छह महीने की बहुत ही कठिन ट्रेनिंग थी। मैं सच में बहुत मेहनत कर रही हूं, क्योंकि मैं एक फिल्म की शूटिंग कर रही हूं। मैं हर दिन दो घंटे ट्रेनिंग लेती हूं। छुट्टी के दिनों में पांच-छह घंटे की ट्रेनिंग लेती हूं। मगर मैं इससे बिल्कुल भी परेशान नहीं हुई। अभिनेत्री ने कहा, इस दौड़ के लिए आपको मानसिक रूप से बेहद मजबूत होना पड़ता है क्योंकि आपको दौड़ के दौरान संगीत सुनने की अनुमति नहीं होती है। आपको खुद के साथ आठ घंटे बिताने की जरूरत होती है। आप जब खुद के साथ इतना समय बिताते हैं तो आपके मन में कई तरह के विचार आते हैं। मेरे लिए, यह न केवल मेरी शारीरिक क्षमता, बल्कि मेरी मानसिक शक्ति का भी परीक्षण है। मैं ऐसा इसलिए कर रही हूं, ताकि मैं अपनी सीमाओं को पार कर सकूं और जब आपको लगे कि आप कुछ हासिल नहीं कर सकते हैं। तो ये छोटी-छोटी जीत हासिल कर सकूं।

मेरे मम्मी-पापा ने मेरी पहली सैलरी को फ्रेम कराया हुआ है

एक्ट्रेस शरवरी वाघ की बॉक्स ऑफिस पर हॉरर-कॉमेडी फिल्म मुंज्या को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हुई, उन्होंने फिल्म में बेला का किरदार अदा कर फैंस का दिल जीता। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उनके माता-पिता ने उनकी पहली तनख्वाह को फ्रेम में सजाया हुआ है। शरवरी ने आईएमडीबी से बात करते हुए कहा, जब मैं असिस्टेंट डायरेक्टर थी, तो मुझे अपनी पहली सैलरी मिली, और मेरे माता-पिता ने उस सैलरी को फ्रेम करवाया था और उसके नीचे एक बहुत प्यारा नोट लिखा था। इसलिए मुझे लगता है कि यह मेरी सबसे बेशकीमती संपत्ति है। उन्होंने कहा, आम तौर पर मेरी पसंदीदा छुट्टी गणेश चतुर्थी है। मुझे अपने पैतृक स्थान मोरगांव जाना बहुत पसंद है। यह मेरे काम से मिलने वाला सबसे अच्छा समय है और मुझे वह जगह बहुत पसंद है। हर साल मैं गणेश चतुर्थी के दौरान समय निकालती हूं और अपने पैतृक स्थान जाती हूं। वह मेरी अब तक की सबसे अच्छी छुट्टी होती है। वहां हमारा एक घर है, जिसे वाडा कहा जाता है और यह 100 साल से भी ज्यादा पुराना है। उन्होंने बताया कि उन्हें जोधा अकबर बहुत पसंद है और बचपन में वह इस फिल्म की दीवानी थीं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं इसे कभी भी फिर से देख सकती हूं। मुझे इसके डायलॉग याद है, मुझे कॉस्ट्यूम और जोधा अकबर के सेट पर मौजूद सभी लोग बहुत पसंद हैं। ऐश्वर्या राय मैम का किरदार मेरा पसंदीदा रोल हैं।

गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट का यूपी में लहराया परचम मिला आईएसओ 9001: 2015 प्रमाण पत्र

नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट के नाम एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। नोएडा (गौतमबुद्धनगर) में अच्छी कानून व्यवस्था, जनमानस व पुलिस सेवाओं के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पाये जाने के साथ ही आधारभूत संरचना, गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन के लिए गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट को आईएसओ 9001: 2015 Quality Management Systems प्रमाण पत्र दिया गया है। गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह व उनके मातहत अधिकारियों की इस उपलब्धि की सभी सराहना कर रहे हैं।

वर्ष-2020 में लागू हुआ था कमिश्नरेट सिस्टम

आपको बता दें कि आम जनमानस को अच्छी कानून व्यवस्था तथा पुलिस से सम्बन्धित बेहतर सेवायें प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा 3 जनवरी 2020 में जनपद गौतमबुद्धनगर में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की गयी थी। गौतमबुद्धनगर का पहला पुलिस कमिश्नर आईपीएस आलोक सिंह को बनाया गया था उनके तबादले के बाद वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्रीमती लक्ष्मी सिंह को गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट का पुलिस कमिश्नर बनाया गया। उनके कार्यकाल में नोएडा पुलिस की कार्यप्रणाली में काफी बदलाव आया है।

पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह द्वारा जनसामान्य को प्रदान की जाने वाली पुलिस सेवाओं, जन शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापरक निवारण तथा प्रशासनिक व्यवस्था के स्तर को उत्कृष्ट बनाने के लिए एक निर्धारित एक्शन प्लान (कार्ययोजना) के तहत, कमिश्नरेट मुख्यालय सूरजपुर तथा कार्यालय सेक्टर-108 स्थित शाखाओं के मानकीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया गया। सभी शाखाओं के लिए SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार कराने के साथ-साथ कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रभावी पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था, महिलाओं एवं आम नागरिको को त्वरित एवं प्रभावी न्याय दिलाये जाने तथा सिटीजन चार्टर व पुलिस चार्टर के प्रभावी क्रियान्वयन कराये जाने के लिए सुव्यवस्थित एवं योजनाबद्ध ढंग से ठोस व सार्थक प्रयास प्रारम्भ कराये गये। सार्वजनिक शिकायतों का त्वरित निराकरण सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार आई0एस0ओ0 प्रदाता फर्म रॉयल इम्पैक्ट सर्टिफिकेशन लि0 की टीम द्वारा कमिश्नरेट मुख्यालय सूरजपुर तथा कार्यालय सेक्टर-108 स्थित विभिन्न शाखा- यथा आई.जी.आर.एस. डॉयल-112, शिकायत प्रकोष्ठ, विधि प्रकोष्ठ, मानिटरिंग सेल, डी.सी.आर.बी, अपराध शाखा, पासपोर्ट सेल, सिटीजन/पुलिस चार्टर महिला सुरक्षा, वाचक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा आदि के अभिलेखों का विस्तृत एवं गहन आडिट किया गया।

ISO कमेटी द्वारा विभिन्न बिन्दुओं यथा-आधारभूत संरचना, गुणवत्ता प्रबन्धन, कार्यालय प्रक्रिया सहित जनमानस को प्रदान की जाने वाली पुलिस सेवाओं तथा पुलिस जन की सेवा सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए पुलिस चार्टर के प्रभावी कियान्वयन कराये जाने संबंधी समस्त कार्यवाही प्रक्रियाओं को अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पाया गया। इसी प्रकार जन शिकायतों को उत्तर प्रदेश सरकार की नीति तथा निर्देशों के अनुरूप प्राथमिकता प्रदान की गयी। जन शिकायतों का त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण, फीडबैक का सिस्टम बनाये जाने तथा जनशिकायत निस्तारण की गुणवत्ता को अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया गया, प्रोटोकाल निर्धारित किए गए।

पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में यह गौरव प्राप्त करने वाला पहला पुलिस कमिश्नरेट बन गया है।

नशा मुक्त भारत बनायें युवा: डॉ. महेश शर्मा

नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने युवाओं का आवाहन किया है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'नशा मुक्त भारत' बनाने के संकल्प को पूरा करें तथा नशा छोड़ दें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में बढ़ते हुए नशे के प्रति किए गए जागरूकता अभियान 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत डॉ भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय 'मुख्यमंत्री अभ्युदय केंद्र' नोएडा द्वारा 'नशा मुक्ति पदयात्रा' का आयोजन अम्बेडकर विहार में किया गया जिसमें विशेष रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार सांसद डॉ महेश शर्मा एवं रामशंकर कटेरिया उपस्थित रहे। इस मौके पर नशे के प्रति जागरूकता के लिए अध्ययन करने वाले छात्र एवं छात्राओं को शपथ भी दिलाई गई ताकि हमारे नौजवान नशे से दूर रहे और विकसित भारत में अपना योगदान दे सकें।

इस मौके पर सांसद डॉ महेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा से कहते हैं कि नौजवान हमारे भारत की रीड है नौजवानों के भरोसे ही प्रधानमंत्री ने भारत को विकसित करने का संकल्प लिया है। इसलिए उन्होंने अबकी बार हर घर तिरंगा अभियान के साथ नशा मुक्त भारत अभियान चलाकर देश के नौजवानों को नशा छोड़ने का आग्रह किया है। हम सभी की जिम्मेदारी है हम प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने में उनके हाथों को मजबूत करें।

इस मौके पर संस्थान के संरक्षक गणेश जाटव, बालकराम प्रधान, अध्यक्ष प्रीतम सिंह, महामंत्री सतपाल सिंह, सत्येंद्र सिरोही, उपाध्यक्ष जगत सिंह, अजय गौतम, रोहित चौधरी, प्रवेश जाटव, अनिल कुमार, विरेन्द्र कुमार एवं सैकड़ों छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

जिम्स में टीबी लैब का लोकार्पण

नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा में ''संवर्धन एवं दवा संवेदनशीलता परीक्षण-टी0बी0 लैब'' का लोकार्पण किया गया। इसके उपरान्त राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत महर्षि पतंजलि सभागार जिम्स में चल रही यू0पी0 स्टेट टॉस्क फोर्स की समीक्षा बैठक को सम्बोधित किया। आयोजित कार्यक्रम में गौतमबुद्ध नगर के सांसद महेश शर्मा एवं विधायक दादरी तेजपाल नागर ने भी शिरकत की।

जिम्स के निदेशक डा0 सौरभ श्रीवास्तव ने पौधा भेंट कर उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ब्रजेश पाठक का स्वागत किया। इसके उपरान्त उप मुख्यमंत्री द्वारा जिम्स निदेशक कार्यालय में पदाधिकारियों, संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने सांसद महेश शर्मा, विधायक दादरी तेजपाल नागर, निदेशक डा0 सौरभ श्रीवास्तव, वित्त अधिकारी नीरज कुमार, डीन डा0 रंजना वर्मा, डा0 अनुराग श्रीवास्तव, डा0 पी0एस0 मित्तल के साथ वार्ता की। इस दौरान चाइल्ड पी0जी0आई0 के निदेशक डा0 ए0के0 सिंह, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविन्द्र सिन्हा भी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री द्वारा बैठक में निर्देशित किया गया कि मरीजों व उनके तीमारदारों के साथ विनम्रता से पेश आये, जिससे संस्थान के मरीजों के अच्छे स्वास्थ्य के साथ-साथ तीमारदार भी सतुष्ट होगें। इसके साथ ही निदेशक द्वारा संस्थान को एस.जी.पी.जी.आई. और एम्स के समक्षक बनाये जाने के अनुरोध पर हर सम्भव मदद करने का आश्वासन देते हुए शीघ्र ही प्रस्ताव भेजे जाने को कहा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, सांसद महेश शर्मा, विधायक दादरी तेजपाल नागर, निदेशक डा0 सौरभ श्रीवास्तव, डीन डा0 रंजना वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर ''संवर्धन एवं दवा संवेदनशीलता परीक्षण-टी0बी0 लैब का लोकार्पण किया गया।

उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपर निदेशक एवं राज्य टी0बी0 अधिकारी डा0 शैलेन्द्र भटनागर, यू0पी0 स्टेट टॉस्क फोर्स के अध्यक्ष एवं के.जी.एम.यू. के श्वसन रोग विभागाध्यक्ष डा. सूर्यकॉत, यू0पी0 स्टेट टॉस्क फोर्स के उपाध्यक्ष डा0 अनुराग श्रीवास्तव आदि को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया।

खेलते-खेलते बच्चा गायब

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना दादरी क्षेत्र के ग्राम चिटहेडा से एक बच्चा घर के बाहर खेलते हुए संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। बच्चे के ना मिलने पर परिजनों ने थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

चिटहेडा गांव निवासी प्रिया (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसके देवर कुणाल का बेटा बचपन से ही उसके साथ रह रहा है। 9 अगस्त को कुणाल घर के बाहर खेल रहा था। खेलने के दौरान वह घर के बाहर से लापता हो गया। बच्चों के लापता होने पर परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

श्रीराम के भजनों से गूंज उठा ग्रेटर नोएडा

पटेल लोक सांस्कृतिक संस्थान ने मनाई महाकवि तुलसीदास की जयंती

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा में महाकवि तुलसीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में देश के कोने-कोने से आये कलाकारों ने भगवान श्रीराम के भजनों को गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जयंती समारोह पटेल लोक सांस्कृतिक संस्थान द्वारा आयोजित किया गया।

पटेल लोक सांस्कृतिक संस्थान के अध्यक्ष व प्रसिद्ध रागिनी गायक ब्रहमपाल नागर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या संस्कृति विभाग के सानिध्य में महाकवि तुलसीदास की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शिक्षाविद व समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने रामायण पर शानदार व्याख्यान दिया। श्री नागर ने बताया कि महाकवि तुलसीदास की 17वीं पीढ़ी में जन्में गोस्वामी सुशील जी महाराज ने अंतर्राष्ट्रीय रामायण व वैदिक शोध संस्थान की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा भविष्य में ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जाने वाली रामलीला की योजनाओं के विषय में बताया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनन्या सिंह, जयवीर भाटी, विदूषि शर्मा, उदयवीर चौहान, अमितेश पटेल, मंजीत तंवर, उजमा खान आदि कलाकारों ने श्रीराम के भजनों के माध्यम से उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर फोनरवा के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, समाजसेवी त्रिलोक शर्मा व अन्य लोगों ने सुंदरकांड कथा व श्रीराम के भजनों का श्रवण किया। कार्यक्रम प्रभारी गौरव नागर ने सभी श्रोताओं का धन्यवाद किया। इस दौरान ब्रहमपाल नागर की पुत्री पूजा नागर ने सभी अतिथियों का तिलक कर उनका स्वागत किया।